SUNRAKSHAKK INDUSTRIES INDIA LIMITED
(Formally known as A.K. SPINTEX LIMITED)
Regd. Office : 14th K.M. Stone, Chittorgarh Road,
Village : Biliya Kalan,Bhilwara-311001(Raj.)
CIN NO- L20236RJ1994PLC008916
Mobile: +91 9887049006
Email : akspintex@gmail.com
Web: www.akspintex.com

**May, 31, 2025**

**Online filling at www.listing.bseindia.com**

To,
BSE Ltd.
Department of Corporate Services
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
MUMBAI - 400001

**BSE SCRIP: 539300**

**Sub: Copy of Financial Results (Standalone & Consolidated) Published in Newspapers**
**Ref: Regulation 47 of SEBI (listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Pursuant to Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Audited Financial Results of our Company for the quarter and year ended March 31, 2025 as reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on Friday, May 30, 2025. The same has been published in "Financial Express" – English & "Business remedies" - Hindi editions on, May 31, 2025.

Thanking You

Yours faithfully

**For: SUNRAKSHAKK INDUSTIES INDIA LIMITED**

ASHISH KUMAR BAGRECHA
Digitally signed by ASHISH KUMAR BAGRECHA
Date: 2025.05.31 12:01:21 +05'30'

**Ashish Kumar Bagrecha**
**Company Secretary& Compliance Officer**

**Encl. : a/a**

आय-व्यय लेखे की तरह पुण्य-पाप का लेखा भी मिला लें कि इस वर्ष पुण्य का पलड़ा भारी रहा या पाप का? -महास्थविर शान्ति मुनि

जयपुर ▪ दिल्ली से प्रकाशित

# बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 12 | अंक : 138 | भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | व्यापार एवं विकास की आवाज | मूल्य : 3 रुपए | पेज : 8 | दैनिक | www.businessremedies.com

जयपुर। शनिवार 31 मई, 2025

## वर्ष 2047 में भारत का रक्षा उत्पादन छह गुना बढ़कर 8.8 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान : रिपोर्ट



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और केपीएमजी इंडिया की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, देश का रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1.46 लाख करोड़ रुपए से छह गुना बढ़कर 2047 में 8.8 लाख करोड़ रुपए होने की उम्मीद है। भारत का वार्षिक रक्षा बजट 2047 में लगभग पांच गुना बढ़कर 31.7 लाख करोड़ रुपए हो सकता है, जबकि वर्तमान में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सीआईआई के 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में जारी की गई रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत का रक्षा निर्यात 2047 में बढ़कर 2.8 लाख करोड़ रुपए हो जाएगा, जो 2024-25 के 24,000 करोड़ रुपए के इसी आंकड़े की तुलना में लगभग 12 गुना उछाल दर्शाता है। इस रिपोर्ट का शीर्षक 'आत्मनिर्भर, अग्रणी और अतुल्य भारत 2027 : इंडियाज डिफेंस इंडस्ट्रियल सेक्टर विजन 2047' है। रिपोर्ट में देश के कुल रक्षा व्यय को 2047 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत पर आंका गया है, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद का 2 प्रतिशत है। रक्षा बजट में रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए आवंटन भी वर्तमान के 4 प्रतिशत से बढ़कर 8-10 प्रतिशत होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत रक्षा क्षेत्र के साथ 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है और निजी क्षेत्र को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रवेश करने और बनाए रखने के लिए प्रोत्साहन की आवश्यकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 2038 तक भारत को अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का विस्तार करना चाहिए। साथ ही वैश्विक मानकों को पूरा कर अंतरराष्ट्रीय बाजारों में रक्षा उत्पादों को जोरदार तरीके से बढ़ावा देना चाहिए।

# भारत में अगले 30 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहने की क्षमताः पीयूष गोयल

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत एक आकर्षक निवेश गंतव्य है और अगले 30 वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने की क्षमता रखता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि देश ने 6-7 प्रतिशत की निरंतर वृद्धि दर बनाए रखी है और स्थिर कीमतों पर इसे 8 प्रतिशत तक ले जाने की उम्मीद है। सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उथल-पुथल के बावजूद हम बेहतर प्रदर्शन करने वाले उभरते बाजारों में से हैं।



उन्होंने कहा, 'आज भारत के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है, जो लगभग 690 अरब डॉलर है। पिछले तीन महीनों से हमारी मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने लिक्विडिटी और मुद्रा प्रबंधन को संतुलित करने में सराहनीय काम किया है।' केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उजागर किया। उन्होंने कहा, 'पिछले 20-25 वर्षों में भारतीय कंपनियों ने लगभग 20 प्रतिशत सीएजीआर का रिटर्न दिया है, जिससे भारत एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य बन गया है। एफडीआई प्रवाह लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहा है। हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार संबंधों के माध्यम से विकास पथ पर वापस आ गए हैं।'

केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर प्रगति की जानकारी दी, जिसमें यूएई, ऑस्ट्रेलिया, यूके, चार ईएफटीए देश (आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड) और अमेरिका के साथ चल रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'हम अमेरिका के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं और यूरोपीय संघ के 27 देशों के समूह के साथ तेजी से प्रगति कर रहे हैं। हमने न्यूजीलैंड के साथ भी बातचीत शुरू की है।'

ईएफटीए देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके कुल 500 अरब डॉलर के निवेश में तब्दील होने की उम्मीद है। इसके अलावा इस निवेश के इर्द-गिर्द जो बड़ा इकोसिस्टम बनाया जाएगा, उसमें 500 अरब डॉलर अतिरिक्त आकर्षित करने की क्षमता है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, 'हम छोटे लक्ष्य नहीं रख रहे हैं।'

## देश की जीडीपी ग्रोथ जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 7.4% रही




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** देश की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत पर थी। इसकी वजह कृषि, कंस्ट्रक्शन और सर्विसेज सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकार की ओर से जारी डेटा में दी गई। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक विकास दर 6.5 प्रतिशत रही है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 4.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 2.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 0.8 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की विकास दर 9.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## 'गोल्ड में निवेश 2025 की पहली तिमाही में 170 प्रतिशत बढ़ा, ईटीएफ इनफ्लो में हुआ इजाफा'




**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 2025 की पहली तिमाही में गोल्ड की निवेश मांग सालाना आधार पर 170 प्रतिशत बढ़कर 552 टन पर पहुंच गई है। यह 2022 की पहली तिमाही में रूस-यूक्रेन युद्ध के फैलने के बाद देखे गए स्तर के बराबर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ की रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड की निवेश मांग बढ़ने की वजह गोल्ड ईटीएफ में इनफ्लो बढ़ना है। जनवरी-मार्च अवधि के दौरान विश्व में गोल्ड ईटीएफ होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3,445 टन पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि मार्च तिमाही में यूरोप में लिस्टेड ईटीएफ फंड्स ने 55 टन गोल्ड जोड़ा। वहीं, एशिया में लिस्टेड ईटीएफ फंड्स ने 34 टन गोल्ड जोड़ा, जिसमें से अधिकांश मांग अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापारिक तनाव के कारण चीन में लिस्टेड फंड्स से आई।

## वित्त वर्ष 2025 में डिजिटल लेन-देन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 83.7% हुई

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई (आईएएनएस)।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम में अपना दबदबा मजबूत किया है। इसकी कुल लेन-देन मात्रा में हिस्सेदारी पिछले वित्त वर्ष के 79.7 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 83.7 प्रतिशत हो गई है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि यूपीआई ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान 185.8 बिलियन





लेन-देन की सुविधा प्रदान की, जो सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मूल्य के संदर्भ में, यूपीआई लेन-देन वित्त वर्ष 2024 के 200 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 261 लाख करोड़ रुपए हो गया। आरबीआई ने कहा, 'यूपीआई की सफलता ने भारत को ग्लोबल रियल टाइम पेमेंट में 48.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अग्रणी स्थान पर पहुंचा दिया है।' देश में कुल डिजिटल भुगतान, जिसमें भुगतान प्रणाली, कार्ड नेटवर्क और प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) के माध्यम से लेनदेन शामिल है।

## भारत का एआई इकोसिस्टम वैश्विक सफलता के शिखर पर हैः वैष्णव



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम अब वैश्विक सफलता के शिखर पर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार के अवसर से स्टार्टअप्स को मदद मिलेगी। स्टार्टअप्स को इमेज एडिटिंग, डीप-टेक, अर्थ ऑब्जर्वेशन से लेकर कन्वर्सेशनल एआई तक अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करने, वैश्विक गठबंधन बनाने और स्केलेबल प्रभावशाली समाधान बनाने में मदद मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत, इंडियाएआई मिशन ने 'इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव' के लिए 10 स्टार्टअप को चुने जाने की घोषणा की है। भारत की एआई क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। 'इंडियाएआई स्टार्टअप्स ग्लोबल इनिशिएटिव' स्टेशन एफ, पेरिस और एचईसी पेरिस के साथ साझेदारी में एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।




BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### जयपुर के त्रिभुवन खंडेलवाल बने राजस्थान फाउंडेशन के टोक्यो चैप्टर के पहले अध्यक्ष



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन, राजस्थान फाउंडेशन प्रवासी राजस्थानियों से निरंतर संवाद और जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से देश-विदेश में अपने चैप्टर्स की स्थापना कर रहा है। इस कड़ी में, जयपुर के त्रिभुवन खंडेलवाल को टोक्यो (जापान) चैप्टर के पहले अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं राजस्थान फाउंडेशन के चेयरमैन, भजनलाल शर्मा द्वारा की गई है। फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य दुनियाभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों को उनके गृह राज्यों से जोड़ना है। खंडेलवाल एक प्रतिष्ठित प्रवासी राजस्थानी हैं, जो जापान में व्यवसाय, समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इस नई जिम्मेदारी पर हर्ष व्यक्त करते हुए त्रिभुवन खंडेलवाल ने कहा कि मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मुझ पर विश्वास जताने के लिए मैं मुख्यमंत्री, भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। यह केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राजस्थान से मेरे जुड़ाव को और गहरा करने का एक माध्यम है। मैं प्रयास करूंगा कि टोक्यो व जापान में बसे प्रवासी राजस्थानियों को एकजुट कर, उन्हें राजस्थान के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर सकूं।'

### अणुव्रत समिति विश्व पर्यावरण दिवस पर करेगा इको फ्रेन्डली बैग का वितरण

**बिजनेस रेमेडीज/उदयपुर।** अणुव्रत समिति उदयपुर आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता अभियान को गति देकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने व विश्व पर्यावरण दिवस मानानें का संकल्प जन-जन तक पहुंचाने हेतु हरित सोच, स्वच्छ भविष्य की भावना के साथ कार्यक्रम के तहत इको फ्रेंडली बैग का वितरण किया जायेगा। अणुव्रत समिति उदयपुर अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने बताया कि इस अवसर पर हम इको-फ्रेंडली कैरी बैग का वितरण के साथ ही समितियों एवं मंचों से इस दिन को और अधिक प्रभावशाली व पर्यावरण हितैषी बनाने हेतु आग्रह किया जायेगा। मंत्री कुंदन भटेवर ने बताया कि यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति आपके संकल्प को दर्शाएगा, बल्कि आपकी प्रकृति-प्रेम की भावना का सजीव उदाहरण बनेगा। इस आयोजन में उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सुनील इटोदिया संस्थान संरक्षक गणेश डागलिया, प्रकाश बाबेल, पर्यावरण जागरूकता अभियान प्रकल्प को गति देंगे।

### देवास परियोजना का किया निरीक्षण

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने शुक्रवार को देवास परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से देवास परियोजना के तीसरे और चौथे चरण के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यों को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने के लिए निर्देशित किया। मंत्री रावत शुक्रवार को उदयपुर में देवास परियोजना के तृतीय चरण के तहत नाथियाथल गांव में प्रस्तावित बांध निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना कर अधिकारियों से संपूर्ण परियोजना के संबंध में जानकारी ली।

# डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने IIDC-2025 का किया उद्घाटन



IIDC 2025 का उद्देश्य जयपुर और राजस्थान की समृद्ध डिज़ाइन परंपरा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इसमें पैनल चर्चा, वर्कशॉप्स, शिल्प प्रदर्शनियां और प्रमुख वक्ताओं के सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मेलन डिज़ाइन, नवाचार और परंपरा का संगम है, जो युवा प्रतिभाओं को प्रेरणा देने के साथ-साथ राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करता है।

**दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान**

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शुक्रवार को इंडिया इंटरनेशनल डिज़ाइन कॉन्क्लेव 2025 (IIDC 2025) का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स, जयपुर चैप्टर (IIID-JRC) द्वारा RIC, झालाना में आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन के बाद उपमुख्यमंत्री ने डिज़ाइन इंस्टॉलेशन, क्राफ्ट प्रदर्शनी और अन्य कार्यों का अवलोकन किया।

उन्होंने युवाओं की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान की कलात्मक परंपरा और डिज़ाइन क्षमता को ऐसे मंचों के माध्यम से देश-दुनिया तक पहुंचाना अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि डिज़ाइन एक ऐसा माध्यम है, जो परंपरा को नवाचार से जोड़ता है।

# मुख्य सचिव ने की मॉक ड्रिल 'ऑपरेशन शील्ड' की तैयारियों की समीक्षा

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों की पालना में नागरिक सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं क्रियाशीलता के आकलन हेतु शनिवार को आयोजित होने वाले द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास 'ऑपरेशन शील्ड' की तैयारियों को लेकर शासन सचिवालय में शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

पंत ने कहा कि अधिकारी सभी संचार माध्यमों एवं सायरनों को दुरुस्त कर संचार प्रणाली का सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित करें। साथ ही, पूर्व में आयोजित प्रथम मॉक ड्रिल से प्राप्त अनुभवों के आधार पर अधिकारी स्वयं को वॉर सिचुएशन से निपटने हेतु और अधिक सक्षम बनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सिविल डिफेंस नियंत्रक अपनी परिस्थितियों के अनुसार ड्रिल और ब्लैकआउट का समय निर्धारित करें। मॉक ड्रिल के दौरान रियल टाइम परिदृश्य तैयार करने तथा ब्लैकआउट के समय और स्थान को गोपनीय रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को गृह मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुरूप समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ करने एवं नागरिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निदेशक श्री जगजीत सिंह मोंगा ने मॉक ड्रिल के दौरान एयरफोर्स, चिकित्सा, स्थानीय निकाय, गृह रक्षा, ऊर्जा, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन की भूमिका पर प्रकाश डाला।

### 'मेजर मिनरल ब्लॉक्स के ऑक्शन में राजस्थान सबसे आगे'

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** देश-दुनिया में क्रिटिकल मिनरल्स की बढ़ती मांग को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा खनिज खोज कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके लिए अब मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य में केन्द्र व राज्य सरकार की मिनरल एक्सप्लोरेशन संस्थाओं के साथ ही निजी क्षेत्र के एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

केन्द्रीय खान सचिव वी. एल. कांताराव ने शुक्रवार को जयपुर में एक कार्यक्रम में बताया एनएमईटी द्वारा देश में 35 नोटिफाईड प्राइवेट एक्सप्लोरेशन एजेंसी को पंजीकृत किया जा चुका है और इस तरह की 20 एजेंसियों ने राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों में एक्सप्लोरेशन का काम भी आरंभ कर दिया है। उन्होंने माइनिंग सेक्टर में राजस्थान को मोस्ट प्रोग्रेसिव स्टेट बताते हुए मेजर मिनरल के सर्वाधिक ब्लॉकों के ऑक्शन की सराहना की और बधाई दी।

# एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान का दल दस दिन के बिजनेस टूर पर जापान जाएगा




**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** एम्पलॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान का 40 सदस्यीय दल 11 से 21 जून तक बिजनेस टूर पर जापान यात्रा पर जाएगा ।

ईएआर कार्यालय पर अध्यक्ष एन.के. जैन के नेतृत्व में यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस मौके पर एन.के. जैन ने बताया कि भारत- पाक के बीच तनाव की स्थिति में चीन, तुर्किए और अजरबैजान जैसे देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को सीमित किया जाना चाहिए। उनकी जगह जापान जैसे मित्र देशों के साथ व्यावसायिक संबंध और मजबूत करने की आवश्यकता है। जापान का राजस्थान के साथ विशेष व्यावसायिक रिश्ता भी है। यहां नीमराणा में राज्य सरकार ने अलग से जापानी कंपनियों के लिए जापानी जोन की स्थापना की है। इसी के मद्देनजर ईएआर का यह दल राजस्थान के शीर्ष औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ जापान के साथ द्विपक्षीय व्यापार की नई संभावनाओं को तलाशने के लिए जापान यात्रा पर जा रहा है। इस दौरान यहां ओसाका में आयोजित इंटरनेशनल एक्सपो का विजिट किया जाएगा। जहां पूरी दुनिया की कंपनियां बिजनेस ग्रोथ के लिए एक दूसरे के साथ एक प्लेटफॉर्म पर आती हैं। इसके बाद नागोया औद्योगिक नगरी में दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी टोयोटा के विश्व प्रसिद्ध म्यूजियम का विजिट और फिर जापान की स्टील, टैक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रियल यूनिट्स विजिट किया जाएगा। 10 दिन की इस व्यावसायिक यात्रा में ईएआर का दल जापान की राजधानी टोक्यो स्थित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के साथ राजस्थान से व्यापार बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय वार्ता करेगा। इसमें जापान के उद्योगपति, उच्चायुक्त और बिजनेस चैम्बर्स के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह दल हांगकांग के रास्ते वापस जयपुर आएगा। इस दौरान एक दिन हांगकांग में ज्वेलरी फैक्ट्री का भी विजिट किया जाएगा। बिजनेस के साथ यह दल जापान की कला संस्कृति और पर्यटन का भी आनंद लेगा। इसके लिए माउंट फूजी, डिजनीलैंड, बुलेट ट्रेन ,फ्लोटिंग गार्डन की यात्रा के साथ टोक्यो ,

ओसाका , क्योटो और नारा के सभी प्रमुख दर्शनीय स्थलों का विजिट भी किया जाएगा। इस दल में गिन्नी स्पेक्ट्रा के किशन पोद्दार, अनुराग केबल्स एंड कंडक्टर्स के विनय चौरडिया, रेजपावर इंफ्रा के ए. के. जैन, सृष्टि इंफ्रास्ट्रक्चर के विनोद जुनेजा, ईएआर ग्लोबल रिसोर्सेस की पूजा गुप्ता, आरएमसी स्विच गियर्स के अशोक अग्रवाल, यूनिक पावर के अशोक शर्मा, डॉट्सटार्क टेक्नोलॉजी की वंशिका जांगिड़, इलेक्ट्रो डाइज एंड टूल्स के हरि जौहरी, हाई फेयर अपैरल्स और परम प्रोडक्ट्स के बीड़ी खंडेलवाल, सिध्दीविनायक की चंद्रकांता जुनेजा, मेवाड़ प्लेसमेंट के महावीर प्रसाद पारीक, सैपलैब्स इंडिया के ऋषभ त्रिपाठी, अरुण एसोसिएट्स के डॉ अरुण कुसुंभीवाल, वॉलफोर्ट फाइनेंशियल सर्विसेज के देव चंद्र हीरावत, ओसवाल इंजीनियर्स के सज्जन सिंह जैन, करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के विनोद कुमार जेटली, खंडेलवाल पॉलीमर के विशंभर दयाल खंडेलवाल, कैपिलरी इंडिया के संकल्प चौधरी, राजश्री लुब्रिकेंट के अजय कुमार जेटली, वर्मा बिल्डर की अक्षा कुसुमबिवाल, एकेडमी ऑफ इंटीरियर डिजाइन की कविता कुसुंबिवाल, त्रिपाठी एडविक फाउंडेशन की श्रद्धा त्रिपाठी जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आगाज



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** जयपुर रॉयल जयपुर शतरंज क्लब व वेव्स और जयपुर जिला शतरंज संघ के सहयोग से 3 दिवसीय अंडर 1800 फाइड रेटिंग अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का शुक्रवार को अजमेर रोड स्थित होटल अमर पैलेस में उद्घाटन हुआ। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 1 जून तक चलेगी।

आयोजक जयेंद्र चतुर्वेदी, अमरीश जोशी एवं रवि बजाज ने बताया कि शुक्रवार को हुई प्रतियोगिता के पहले चक्र में सभी वरियता प्राप्त खिलाडियों ने आसानी से जीत दर्ज कर खिताब की ओर अपना अभियान शुरू किया, लेकिन दूसरे चक्र में 12 वर्ष से कम आयु के नन्हें शातिरों ने कुछ धमाकेदार खेल दिखाते हुए अपने से कहीं अनुभवी और उच्च रेटिंग वाले खिलाडियों को अपने शानदार खेल से चौंका दिया। वहीं प्रतियोगिता में राजस्थान के सुधाकर ने श्रीलंका के ज्ञानसीलन डॉरिसन को हराकर सबसे बड़ा उलटफेर किया। राजस्थान के ही विहान गुप्ता ने मध्यप्रदेश के फीडे मास्टर पियूष रंजन दुबे को हराकर अपने उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया। वहीं दूसरी ओर हरियाणा के 10 वर्षीय विठ्ठल नारायणन ने पंजाब के जसप्रीत सिंह को और राजस्थान के ही आराध्या उपाध्याय ने 60 वर्षीय महेश लखियानी को ड्रॉ के लिए मजबूर कर सबकी वाह-वाही बटोरी। इसके अलावा बाकी उच्च वरियता प्राप्त खिलाडियों ने अपने विजय अभियान को जारी रखा। बंगाल के आरित्रिय पाल, मध्यप्रदेश के ऋषि सोनकर, तीसरी वरीयता के सिद्धांत चतुर्वेदी अपने मैच जीत कर 2/2 अंक बनाकर आगे चल रहे हैं। वहीं महिला वर्ग में जयपुर की आशी उपाध्याय दो में से दो अंक लेकर सबसे आगे चल रही हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन की चेयरमैन ज्योति माहेश्वरी, आरएमसी जेम्स इंडिया लिमिटेड के निर्मल बरडिया, राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जेके रांका (रि.) और अमर पैलेस होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश शर्मा, महेंद्र चतुर्वेदी, ललित बरडिया उपस्थित हुए।

## भीलवाड़ा जिले की समस्त ग्राम पंचायतें स्वच्छ एवं साफ सुथरी रहेः मंत्री दिलावर

**बिजनेस रेमेडीज/भीलवाड़ा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने जहाजपुर के पंचायत समिति कार्यालय से प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 का परीक्षा परिणाम जारी किया। मंत्री दिलावर ने परीक्षा परिणाम जारी करने के पश्चात कहा कि राजस्थान प्रदेश में शिक्षा में नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम वाले समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने में अहम योगदान देने वाले अध्यापकों व अन्य स्टाफ की भी सराहना की।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर ने कार्यक्रम के पश्चात पंचायत समिति कार्यालय में ही जिले के समस्त विकास अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री दिलावर ने विकास अधिकारियों से पूर्णतया साफ एवं स्वच्छता वाली ग्राम पंचायतों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी समय मे भीलवाड़ा जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन साफ-सफाई हो, पॉलिथीन या कचरा सार्वजनिक जगहों पर ना रहे एवं व्यर्थ में गंदा पानी रास्ते में ना भरा रहना सुनिश्चित करें। शिक्षा का पंचायती राज मंत्री ने आगामी मानसून में शुरू होने वाले हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों के संबंध में जनकारी ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि तय लक्ष्यों के अनुरूप ग्राम पंचायतो द्वारा पौधे लगाने की आवश्यक तैयारियां गड्ढे खुदवाना, जगह का चिन्हीकरण करना इत्यादि कार्य जल्द पूरा करें। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशानुरूप हरियालो राजस्थान अभियान की समय पर समस्त जरूरी तैयारियां पूरी कर सफल बनाये।

## सिटी पैलेस में पारंपरिक भारतीय कलाओं की बारीकियों से कराया जा रहा रु-ब-रु



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट द्वारा सिटी पैलेस, जयपुर में आयोजित्त हो रहे एक माह के सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न पारंपरिक भारतीय कलाओं की बारीकियों से रु-ब-रु कराया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारत की संस्कृति, समृद्ध कला व शिल्प से परिचित कराना और इसका संरक्षण करना है। शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें प्रसिद्ध कला विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न पारंपरिक कला रूपों में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसमें पारंपरिक चित्रकला, आला गिला, आराईश, ध्रुवपद, कथक, बांसुरी, कैलीग्राफी, वैदिक ज्योतिष और ठीकरी (मिरर वर्क) कला शामिल है। यह शिविर पारम्परिक कलाओं की प्रतिनिधि संस्था 'रंगरीत' तथा 'सरस्वती कला केन्द' के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समापन 20 जून को होगा।

शिविर का समन्वय रामू रामदेव द्वारा किया जा रहा है, जो बाबूलाल भारोदिया के साथ मिलकर प्रतिभागियों को ढूंढाड़ शैली में 'पारंपरिक चित्रकला' की बारीकियां सिखा रहे हैं। रामू रामदेव ने बताया कि यह शिविर पारंपरिक कला व संस्कृति को बढ़ावा देने की जयपुर राज परिवार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है कि यह गत 28 वर्षों से सिटी पैलेस में प्रत्येक वर्ष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## अंतर की पीड़ा

मुझे दिखादो मेरे हिन्दुस्तान की वो गलियां जहां मुस्कराती इठलाती रही बचपन की वो कोमल कलियां , दूध, दही और मक्खन से होता था भोर में कलेवा मां-बांप की खुशियों से जुड़वा था दो दिलों का हथलेवा आज जहरिला खाना और शर्माने वला पहनावा बन रहा है वासना के भूखे भेड़ियों को भड़कावा कहीं सुरक्षा नहीं, चारों ओर खतरा ही खतरा चोर लुटेरे कातिल छोड़ते नहीं, इंसान की नसों में खून का कतरा, वो बुजुर्गों का साया, बरगद पीपल की छाया, बच्चों के साथ घर में मचलते घर में छोटे-छोटे चौपाया अब तो आंखे तलाशती है उस अतीत को वहां आपस में बैठे गुनगुनाते रस भरे गीत को, कच्चे घरोंदे थे-पक्के रिश्ते थे कुनबे के सारे लोग एक-दूसरे के दिल में बसते थे एक के पैर में कांटा लगता तो दर्द सभी को होता दिन भर की मेहनत बाद हर शख्स बुजुर्गों की ढाल में सोता डर और खौफ के पास आता हुआ डरता था एक दूसरा एक-दूसरे के लिए खुशी-खुशी मरता था(कुर्बान) हाथ जमाना क्यों ओट ले रहा है पंचम आरे की ये कसक किसी एक की नहीं है पूरे हिंद के दुखियारे की मुझे चाहिए मेरा वो वाला हिन्दुस्तान जहां हर रोज आते थे मेहमान, सबका होता था सम्मान गली-गली में झलकता था शुद्ध खानपान, सुथरा हुआ खानदान।

**चिंतनशीला वसुमति जी मा.सा.**

## युवाओं को रोजगार से जोड़ने का यह प्रयास सेवा भाव से प्रेरित कार्यः जसबीर सिंह



**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** वेदांता फाउंडेशन के सहयोग से सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल, सी स्कीम, जयपुर में आयोजित किए गए 'युवा रोजगार मेले' में नामी कंपनियों के साथ अपने करियर की शुरुआत करने को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जयपुर के अलावा अन्य स्थानों से भी विद्यार्थी इस अवसर का लाभ उठाने के लिए रोजगार मेले में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु नानक एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन अजयपाल सिंह रहे।

रोज़गार मेले में कई छात्रों को मौके पर ही जॉब ऑफर दिए गए, जिससे यह आयोजन उन युवाओं के लिए एक अहम अवसर बनकर उभरा है। कार्यक्रम के दौरान श्री गुरुनानक एजुकेशन बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी बलदेव सिंह, श्री गुरुनानक एजुकेशन बोर्ड के ट्रैजरर जसबीर सिंह, सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल, सी स्कीम, जयपुर की प्राचार्या सोनल गुप्ता, वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज, रींगस की प्राचार्या प्रो. डॉ शुभा शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

गुरुनानक एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन अजयपाल सिंह ने कहा, देश का भविष्य हमारे युवाओं के हाथ में है। जब विद्यार्थी शिक्षा और कौशल के माध्यम से रोजगार प्राप्त करते हैं, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनते हैं, बल्कि राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करते हैं। इसी प्रकार जसबीर सिंह ने कहा कि वेदांता फाउंडेशन द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने का यह प्रयास निःसंदेह एक सेवा भाव से प्रेरित कार्य है। रोजगार देना केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि किसी के जीवन को संवारने और समाज को सशक्त बनाने का माध्यम भी है। ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

रोजगार मेले में एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, एक्सिस बैंक, एसबीआई लाइफ, टेली परफॉर्मेंस, द मुथूट ग्रुप, प्लेनेट पीसीआई इन्फोटेक लिमिटेड, ट्रेंट लिमिटेड, वाउ मोमो, जूडियो और मैरियट सहित कई नामी एवं प्रतिष्ठित कंपनियां इस जॉब फेयर का हिस्सा रहीं और योग्य विद्यार्थियों को नौकरी के अवसर प्रदान किए।

आवश्यकता

बिजनेस रेमेडीज दैनिक समाचार पत्र को कोटा, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर, पाली में खबरों एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें

बिजनेस रेमेडीज

217, सैकंड, फ्लोर, ओके प्लस टावर, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर- 302020

मोबाइल नंबर 9929106227

E-Mail remediesbusiness@gmail.com

businessremedies@yahoo.com

marketing@businessremedies.com

# इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने हासिल किया वित्त वर्ष 2025 में 98.78 फीसदी अधिक 57.09 करोड़ रुपए का राजस्व, कंपनी को मिले अहम ऑर्डर

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** प्रमुख मानव संसाधन क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही और वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 15.78 करोड़ रुपए के मुकाबले 148.03 फीसदी अधिक 39.14 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1.13 करोड़ रुपए के मुकाबले 72.56 फीसदी अधिक 1.95 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 28.72 करोड़ रुपए के मुकाबले 98.78 फीसदी अधिक 57.09 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1.90 करोड़ रुपए के मुकाबले 70.52 फीसदी अधिक 3.24 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कंपनी ने 6.43 रुपए का बेसिक ईपीएस अर्जित किया है। शुक्रवार को आयोजित कंपनी की बोर्ड मीटिंग में निदेशक मंडल ने 0.15/- रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश घोषित किया है।

**कंपनी को मिले ऑर्डर:** कंपनी ने 3 वर्ष की अवधि के लिए मैनपावर सेवाएँ प्रदान करने के लिए वी विन लिमिटेड के साथ एक सेवा समझौता किया है। यह समझौता कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और वी विन लिमिटेड के साथ एक मजबूत और उत्पादक साझेदारी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। कंपनी ने एचडीएफसी लाइफ के विभिन्न स्थानों पर घटना प्रबंधन संचालन का समर्थन करने के लिए 94 इंजीनियरिंग पेशेवरों की तैनाती के लिए विप्रो लिमिटेड से नई बोली जीती है। अनुबंध का कुल मूल्य 4,07,48,940 रुपये (चार करोड़ सात लाख अड़तालीस हजार नौ सौ चालीस रुपये मात्र) है। इस अनुबंध की अवधि तीन (3) वर्ष है, जो 01 जुलाई, 2025 से शुरू होगी। यह उपलब्धि उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और महत्वपूर्ण आईटी सहायता सेवाएँ प्रदान करने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में कंपनी की स्थिति को मजबूत करती है।

कंपनी को अकुशल/अर्ध-कुशल कार्य के लिए 24 कर्मचारियों की तैनाती के लिए सशस्त्र बल न्यायाधिकरण, रक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय द्वारा नई बोली प्रदान की गई है। अनुबंध का कुल मूल्य 72,02,586.63 रुपये (बहत्तर लाख दो हजार पाँच सौ अस्सी और तिरसठ पैसे मात्र) है। इस अनुबंध की अवधि 1 वर्ष है, जो 30 मई, 2025 से शुरू हो गई है।

**कारोबारी गतिविधियां:** इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ह्यूमन रिसोर्स सर्विसेज देने का काम करती है। कंपनी मुख्य रूप से संगठित क्षेत्र में सार्वजनिक और निजी दोनों संगठनों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी द्वारा मुख्य रूप से दो प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। 1. मेनपावर सप्लाई/रिक्रूटमेंट सर्विस 2. मेनपावर सोर्सिंग/ स्टाफिंग सर्विसेज निगमन के बाद से 'इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड' अनुबंधित कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों की टीम बन गई है। कंपनी स्टाफिंग और भर्ती, सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी, खाद्य आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करती है। इटकॉन्स ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड अपनी सेवाओं की पेशकश को विकसित कर रही है ताकि अपने ग्राहकों को कंपनी की सेवाओं के माध्यम से उनकी एंड-टू-एंड एचआर जरूरतों का समर्थन किया जा सके। कंपनी की सेवाओं की श्रेणी को निम्नलिखित व्यवसायों के अंतर्गत विभाजित किया गया है: 1. आईटी स्टाफिंग 2. जनरल स्टाफिंग 3. री-बैजिंग 4. रिक्रूटमेंट प्रोसेस आउटसोर्सिंग 5. पास थ्रो सर्विसेज 6. पेरोल सर्विसेज 7. मैनेज्ड आईटी सर्विसेज 8. प्रोडक्ट इंस्टॉलेशन एवं सर्विसिंग सॉल्यूशन 9. परमानेंट हायरिंग कंपनी ने गत 15 वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को काम दिलवाया है। कंपनी को मूल रूप से आईटी स्टॉफिंग से ऑर्डर मिल रहे हैं। कंपनी द्वारा विप्रो, एलटीटाई माईंडट्री, टीवीएसई, इनफिनाइट सॉल्यूशंस, एचसीएल इत्यादि प्रमुख कंपनियों को सर्विस प्रदान की जा रही है। कंपनी को अच्छी सर्विस देने पर ग्राहक कंपनियों से नियमित रूप से ऑर्डर मिल रहे हैं।

# कमजोर संकेतों से शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 182 अंक फिसला

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में गिरावट और अमेरिकी अपीलीय अदालत के जवाबी शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से एशियाई बाजारों में आई सुस्ती के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।



विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था के जीडीपी आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी बाजार एक दायरे में बना रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 346.57 अंक गिरकर 81,286.45 अंक पर आ गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 82.90 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इन्फोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 इंडेक्स, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग नकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।


## यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड

सी आई एन: L24119RJ1993PLC007148
रजि. ऑफिस: ई–521, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर–22 (राज.) दूरभाष: 91–141–2770315/2770509
वेबसाईट : www.uniqueorganics.com ई–मेल : compliance@uniqueorganics.com

**31.03.2025 को समाप्त चौथी तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | पूर्ववर्ती समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अनांकेक्षित) | समाप्त संबंधित तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्तमान वार्षिक 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त गत वार्षिक 31.03.2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 2,265.58 | 6,149.90 | 3,591.66 | 15,123.34 | 20,438.10 |
| 2. | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (13.90) | 403.70 | (19.41) | 1,387.28 | 854.16 |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (13.90) | 403.70 | (19.41) | 1,387.28 | 854.16 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 5.62 | 302.09 | 3.62 | 1,054.15 | 634.16 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य समग्र आय (कर पश्चात) सम्मिलित] | 5.79 | 302.09 | 1.70 | 1,054.32 | 632.24 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 595.30 | 595.30 | 595.30 | 595.30 | 595.30 |
| 7. | आरक्षित निधियां (गत वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में प्रदर्शित पुनर्मूल्यांकन निधियों को छोड़कर) | | | | 2,710.62 | 1,656.30 |
| 8. | प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य रु. 10/– प्रत्येक) (सतत एवं असतत परिचालनों से) | | | | | |
| | मूल: | 0.09 | 5.07 | 0.06 | 17.71 | 10.65 |
| | अवमिश्रित: | 0.09 | 5.07 | 0.06 | 17.71 | 10.65 |

नोट : 1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताऐं) विनियम 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर की गई चौथी तिमाही/वार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। विस्तृत प्रारूप में त्रैमासिक वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.sbeindia.com) और कम्पनी की वेबसाईट http:// uniqueorganics.com /investor/financial-reports/ पर उपलब्ध है।

Scan QR Code for full Results

कृते यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड
ह./–
ज्योति प्रकाश कनोडिया
प्रबंध निदेशक
DIN : 00207554

स्थान : जयपुर
दिनांक : 29.05.2025


# वारी सोलर अमेरिका ने अमेरिका की प्रमुख स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादक कंपनी के साथ 586 मेगावाट सोलर मॉड्यूल आपूर्ति समझौते पर किए हस्ताक्षर

## हासिल किया 1500 करोड़ रुपये (176 मिलियन डॉलर) का ऑर्डर

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई / टेक्सास।** भारत की सबसे बड़ी सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अमेरिकी सहायक कंपनी वारी सोलर अमेरिका ने अमेरिका की एक प्रमुख स्वतंत्र ऊर्जा उत्पादक (IPP) कंपनी के साथ 586 मेगावाट सोलर मॉड्यूल सप्लाई के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सौदे की कुल कीमत लगभग 176 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) है। यह समझौता कंपनी के अमेरिका में लगातार बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।

इन सोलर मॉड्यूल्स का निर्माण वारी की ब्रुकशायर, टेक्सास स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाई में किया जाएगा और यह मॉड्यूल वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान चार परियोजनाओं में वितरित किए जाएंगे। इन मॉड्यूल्स में अमेरिका में निर्मित कई घटकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे यह निवेश कर क्रेडिट (आईटीसी) के तहत घरेलू निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करेंगे और अमेरिका की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक सशक्त व विश्वसनीय बनाएंगे। वारी सोलर अमेरिका के प्रेसिडेंट सुनील राठी ने कहा: 'यह समझौता अमेरिका में एक मजबूत, टिकाऊ और तकनीकी रूप से उन्नत स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के प्रति वारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बदलते व्यापार परिदृश्य और घरेलू निर्माण पर जोर को देखते हुए, हमारी ब्रुकशायर सुविधा अमेरिकी बाजार की मांग को उच्च गुणवत्ता वाले घरेलू मॉड्यूल के साथ पूरा करने में पूरी तरह सक्षम है। यह उपलब्धि न केवल वारी की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में वैश्विक विश्वास को रेखांकित करती है, बल्कि अमेरिका में ऊर्जा बदलाव संबंधी प्रा या को भी मजबूत करती है। इस कदम से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलता है और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलती है।'

उन्होंने आगे कहा: 'यह साझेदारी अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के हमारी संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें वारी की भारत में वर्षों की निर्माण विशेषज्ञता का भी योगदान है। हम गर्व से अपने साझेदार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में उच्च प्रदर्शन वाले मॉड्यूल्स के माध्यम से भागीदार बन रहे हैं।'

यह सहयोग वारी की वैश्विक स्तर पर एक भरोसेमंद सौर मॉड्यूल निर्माता के रूप में स्थिति को और मजबूत करता है, जो व्यापार जोखिमों को कम करने और आपूर्ति में निरंतरता बनाए रखने के लिए एक लचीली और गतिशील आपूर्ति श्रृंखला रखता है। अमेरिका में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास के चलते ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए, वारी अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले और स्केलेबल क्लीन एनर्जी समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बजाज ऑटो का मुनाफा मार्च तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 1,802 करोड़ रुपये रहा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** बजाज ऑटो का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 1,802 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में पुणे की इस कंपनी का शुद्ध लाभ 2,011 करोड़ रुपये रहा था। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी कुल परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 12,646 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 11,555 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने चौथी तिमाही में कुल 11,02,934 गाड़ियां बेचीं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च अवधि में उसने 10,68,576 वाहन बेचे थे। घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री सात प्रतिशत घटकर 6,13,248 इकाई रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 6,57,330 इकाई रही थी। हालांकि, कंपनी का निर्यात मार्च तिमाही में बढ़कर 4,89,686 इकाई हो गया, जो 2023-24 की समान तिमाही में 4,11,246 इकाई था। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ पांच प्रतिशत गिरकर 7,325 करोड़ रुपये रहा है, जो 2023-24 में 7,708 करोड़ रुपये रहा था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की आमदनी बढ़कर 50,995 करोड़ रुपये हो गई, जो 2023-24 में 44,870 करोड़ रुपये थी। बजाज ऑटो ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उसकी कुल बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 46,50,966 इकाई हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 43,50,933 इकाई थी।


## VIJAY SOLVEX LIMITED

Corporate Identity Number: L15142RJ1987PLC004232
Regd. Office : Bhagwati Sadan, Swami Dayanand Marg, Alwar - 301001 (Raj.)
Phone No. 0144-2332358, Fax No. 0144-2332320
website: www.vijaysolvex.com , email id: cs_lodha@dataoils.com

**EXTRACT OF STATEMENT OF CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31 MARCH, 2025**

(Rs. in Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) (Refer note-3) | Current Year ended 31.03.2025 (Audited) | Corresponding Quarter ended 31.03.2024 (Unaudited) (Refer note-3) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Revenue from operations | 47641.97 | 183073.01 | 40496.91 |
| 2 | Net Profit / (Loss ) for the period (before Tax ,Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates) | 552.59 | 2243.62 | 737.04 |
| 3 | Net Profit / (Loss ) for the period beforeTax (after Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates) | 440.49 | 2248.97 | 754.21 |
| 4 | Net Profit / (Loss ) for the period after Tax, Exceptional items and Share of Profit/(Loss) of Associates | 279.92 | 1842.58 | 685.76 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive income (after Tax)] | 147.06 | 1902.20 | 555.40 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- each) | 320.13 | 320.13 | 320.13 |
| 7 | Other equity excluding Revaluation Reserve (As per Audited Balance Sheet as at 31st March, 2025 | | 33692.74 | |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Rs. 10/- each) (not annualised) (in Rs.) a) Basic : b) Diluted : | 8.75<br>8.75 | 57.56<br>57.56 | 21.42<br>21.42 |

Notes:
1 Additional information on Standalone financial results is as follows:-

(Rs. in Lacs)

| Particulars | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) (Refer note-3) | Current Year ended 31.03.2025 (Audited) | Corresponding Quarter ended 31.03.2024 (Unaudited) (Refer note-3) |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 47641.97 | 183073.01 | 40496.91 |
| Profit Before tax | 552.59 | 2243.62 | 737.04 |
| Profit after tax | 392.02 | 1837.23 | 668.59 |

2 The above is an extract of the detailed format of Audited Consolidated Financial Results for the quarter and year ended 31 March, 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI ( Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and Company's website (www.vijaysolvex.com).
3. The figures of last quarter are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures up to the third quarter of the current and previous financial years.

For & on behalf of the Board
Vijay Solvex Limited
sd/-
(VIJAY DATA)
Managing Director
DIN : 00286492

Place : ALWAR
Dated : 30 May 2025


# जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड के प्रेफरेंशियल शेयरों की ट्रेडिंग के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने दी मंजूरी

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** पंजाब के मोहाली आधारित कंपनी जोन्जुआ ओवरसीज लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी के प्रेफरेंशियल शेयरों की ट्रेडिंग के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने मंजूरी दी है। एक्सचेंज ने प्रवर्तकों एवं गैर प्रवर्तकों के 10 फेसवैल्यू के 7241468 प्रेफरेंशियल शेयर 2.25 रुपए के प्रीमियम पर लिस्टिंग कर ट्रेडिंग की मंजूरी दी है।

# एसजेवीएन को मार्च तिमाही में हुआ 127.72 करोड़ रुपये का घाटा

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन लिमिटेड को पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 127.72 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 61.08 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एसजेवीएन लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसकी कुल आमदनी घटकर 548.84 करोड़ रुपये रह गई, जो 2023-24 की समान तिमाही में 573.23 करोड़ रुपये थी।


## TIRUPATI FINCORP LIMITED

CIN: L67120RJ1982PLC002438
Regd. Office: Flat no. G2/G17, Raghuraj Enclave, Krishna Marg C-Scheme, Jaipur, Rajasthan, India, 302001
Tel:+91 022 71148504 | Email: tirupatifincorp31@gmail.com | Web: http://www.tirupatifincorp.in/

**STATEMENT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE YEAR ENDED 31ST MARCH, 2025**

(Amounts in Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 31.03.2025 | As on 31.12.2024 | As on 31.03.2024 | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2024 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 565.41 | 3,767.57 | 200.07 | 11,069.58 | 473.51 |
| 2. | Total Expenses | (226.40) | 4549.84 | 191.90 | 11,152.71 | 426.60 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax | 791.81 | (782.27) | 8.17 | (83.12) | 46.91 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax | 653.53 | (669.20) | 8.50 | (82.37) | 31.40 |
| 5. | Paid-up Equity Share Capital ( FV 10/- each) | 504.22 | 504.22 | 494.42 | 504.22 | 494.42 |
| | Basic | 12.96 | (13.27) | 0.17 | (1.63) | 0.64 |
| | Diluted | 12.96 | (13.27) | 0.17 | (1.63) | 0.64 |

Note:
1. The above Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 29 May, 2025.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out limited review of the above Financial Results for the year ended 31 March, 2025
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with Ind AS as prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder .
4. The Figures for the corresponding previous periods has been regrouped/ reclassified wherever necessary, to make them comparable.
5. The Company operates in two segment during the quarter namely, financing activities and Investment and Trading in securities. A separate reportable operating segments is prepared as per IND AS 108 - Operating Segments.
6. The figures of quarter ended March 31, 2025 and quarter ended March 31, 2024 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figure upto the third quarter of the full financial year.

The full format is also available on the website of the company i.e. http://www.tirupatifincorp.in/ and BSE's Website i.e. https://www.bseindia.com.

For Tirupati Fincorp Limited
Sd/-
Arvind Gala
Director
DIN: 02392119

Place: Jaipur
Date : 30-05-2025

बिज़नेस रेमेडीज

वर्ष : 12 । अंक : 138

## सम्पादकीय

# तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना हो प्राथमिकता

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज




मनाया जाएगा। इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 1987 में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों पर लगाम लगाने के लिए इस दिन की शुरुआत की थी। ताकि तंबाकू और इसके उत्पादों के सेवन से जुड़े जोखिम और परिवार, समाज और पर्यावरण पर इसके बुरे प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम'अपील को उजागर करना: तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' है। तम्बाकू के उपयोग और इसके सेवन से कई प्रकार के कैंसर जैसे फेफड़े, स्वरयंत्र, मुंह, ग्रासनली, गला, मूत्राशय, गुर्दे, यकृत, पेट, अग्न्याशय, बृहदान्त्र और गर्भाशय ग्रीवा के साथ-साथ तीव्र माइलॉयड ल्यूकेमिया हो सकता है। ऐसा अनुमान है कि तम्बाकू के सेवन के कारण हर साल 1 करोड़ से अधिक लोग मारे जाते हैं।

तम्बाकू ना केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि पर्यावरण पर भी कई तरह से बुरा प्रभाव डालता है। विश्व स्तर पर हर साल तम्बाकू उगाने के लिए लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि नष्ट कर दी जाती है। जहां तम्बाकू की खेती से हर साल 2,00,000 हेक्टेयर वनों की कटाई होती है और मिट्टी का क्षरण होता है। विश्व स्तर पर हर साल लगभग 4.5 लाख करोड़ सिगरेट बट का उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता। हर साल 80 करोड़ किलोग्राम जहरीला कचरा पैदा होता है और हजारों रसायन हवा, पानी और मिट्टी में छोड़े जाते हैं। ऐसे में सरकार को भी सचेत रहते हुए तम्बाकू उपयोगकर्ताओं के बीच इसकी खेती, उत्पादन, वितरण, उपयोग और अपशिष्ट प्रबंधन से लेकर सम्पूर्ण तम्बाकू जीवन चक्र के प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना, उन्हें शिक्षित करना और इसे छोड़ने के लिए पर्याप्त कारण बताना होना चाहिए। तभी तम्बाकू निषेध दिवस की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

BR

**सूचना**

**इस पृष्ठ पर प्रकाशित सभी विशेष लेख व्यक्तिगत सोच के आधार पर है।**
-संपादक

# दुनिया नशे में झूम रही है, कैसे स्वास्थ्य क्रांति घटित करें



**ललित गर्ग**

विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू को अपना चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। इसीलिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस-31 मई को दुनियाभर में मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ हर साल इस दिवस पर एक थीम निर्धारित करता है। साल 2025 की थीम 'अनमास्किंग द अपील: तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' है। यह दिवस तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता ब?ाने के लिए एक जनजागृति अभियान एवं एक दुनियाभर में आयोज्य महत्वपूर्ण दिवस है। इसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन के जोखिमों को उजागर करना और दुनिया भर के लोगों को धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। बड़ा प्रश्न है कि एक नशेड़ी पीढ़ी का देश एवं दुनिया कैसे आदर्श हो सकती है? इस दुर्व्यसन के आदी लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। नशे की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस मनाने का फैसला किया गया।

यह दिन सरकारों से तंबाकू के उपयोग से निपटने, सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क को कम करने और स्वस्थ विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नीतियों को मजबूत करने का आह्वान भी करता है। ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता एवं सार्थकता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू, सिगरेट का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए?

तंबाकू का सेवन व्यक्तिगत स्वास्थ्य और समाज दोनों पर घातक प्रभाव डालता है, जो कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याओं जैसी रोकथाम योग्य बीमारियों का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इस दिवस का लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां तम्बाकू निषेध का सकारात्मक वातावरण बने एवं कम लोग तम्बाकू से संबधित बीमारियों से पीड़ित हों। यह दिवस स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भविष्य की पीढ़ियों को तम्बाकू के खतरों से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। तम्बाकू का सेवन दुनिया भर में रोके जा सकने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है, हर साल लाखों लोग तम्बाकू से जुड़ी बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। इसके सेवन से होने वाली अनेक घातक एवं जानलेवा बीमारियों का व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। तम्बाकू सेवन के दीर्घकालिक परिणाम न केवल धूम्रपान करने वाले को प्रभावित करते हैं, बल्कि सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में भी योगदान करते हैं, जो बच्चों और कमजोर आबादी सहित धूम्रपान न करने वालों को नुकसान पहुंचाता है।

आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। नशा आज एक फैशन बन चुका है। नशे के कारण हम एक विकलांग एवं बीमार पीढ़ी का निर्माण हो रहा हैं। नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं।

तम्बाकू का उपयोग एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और समुदायों को प्रभावित करती है। यह अत्यधिक नशे की लत है, मुख्य रूप से निकोटीन की उपस्थिति के कारण, जिससे व्यक्तियों के लिए बिना सहायता के इसे छोड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके परिणाम भयानक हैं, हर साल 8 मिलियन से अधिक मौतें तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण होती हैं। भारत में गुटखा सहित धुआं रहित तंबाकू का उपयोग एक खतरनाक कुचलन है, जिससे गंभीर किस्म की बीमारियां होती हैं। विशेष रूप से गुटखा से कैंसर का खतरा होता है और इसी वजह से साल 2002 से ही गुटखा पर नियंत्रण के प्रयास चलते रहे हैं। साल 2012 से भारतीय राज्यों द्वारा प्रतिबंधित होने के बावजूद गुटखा व्यापक रूप से उपयोग में है। गुटखा लॉबी देश भर में बहुत मजबूत है और इससे सरकारों व उनमें शामिल लोगों को गलत ढंग से भारी कमाई होती है। सबसे पहला राज्य मध्य प्रदेश है, जिसने गुटखा पर प्रतिबंध लगाया था, पर क्या वहां सफलता मिली? बिहार, गुजरात जैसे राज्य, जहां कहने को तो शराब प्रतिबंधित है, पर क्या वहां शराब का मिलना बंद हो गया है? ठीक इसी तरह से गुटखा के साथ हुआ है। लगातार चेतावनियों व विज्ञापनों के बावजूद गुटखा या तंबाकू का सेवन घट नहीं रहा है।

गुटखों और पान मसालों से जुड़ी समस्याओं को अभी भी हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। भारत में जनसंख्या-आधारित कैंसर रजिस्ट्री में पाया गया कि 55 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के उपयोग से संबंधित थे। भारत तंबाकू उत्पादों का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत में तंबाकू छोड़ने की दर सबसे कम है, यहां सिर्फ 20 प्रतिशत पुरुष तंबाकू के दुर्व्यसन को छोड़ पाते हैं। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवसः एक जागरुकता अभियान

विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर साल 31 मई को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से लोगों को परिचित कराना और तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों को रोकना है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की गई थी।

इस दिवस के जरिए आमजन को यह भी बताया जाता है कि तंबाकू के प्रयोग से मानव को क्या हानि होती है। तंबाकू में निकोटिन नामक पदार्थ होता है, जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बन सकता है। तंबाकू के सेवन से फेफड़े, मुंह, गले, और अन्य अंगों में कैंसर हो सकता है। तंबाकू का सेवन करने से दिल और दिमाग पर गहरा असर पड़ता है, जिससे सोचने-समझने की शक्ति प्रभावित हो सकती है। तंबाकू के सेवन से हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य कार्डियोवैस्कूलर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। तंबाकू के सेवन से श्वास संबंधी बीमारियां जैसे कि अस्थमा और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) हो सकती हैं। तंबाकू के धुएं में मौजूद जहरीले रसायन फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। तंबाकूके सेवन से हर साल 60 लाख से अधिक लोग मौत का शिकार होते हैं। तंबाकू के सेवन से होने वाली मौतों को रोकने के लिए जागरूकता और शिक्षा की आवश्यकता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से परिचित कराना और उन्हें तंबाकू सेवन से बचने के लिए प्रोत्साहित करना है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस तंबाकू नियंत्रण के प्रयासों को बढ़ावा देने और तंबाकू सेवन को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## नई पीढ़ी को बचाना इस दिन का उद्देश्य

नई पीढ़ी को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। विशेषज्ञों एवं चिकित्सको के अनुसार तंबाकू छोड़ने के लिए सबसे पहले दृढ़ संकल्प लेना होता है। तंबाकू को एक बार में ही छोड़ने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, बल्कि धीरे-धीरे इसे छोड़ने की शुरुआत करनी चाहिए। तंबाकू के बदले माउथ फ्रेशनर का इस्तेमाल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के लिए सहायता समूहों का हिस्सा बनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। साथ ही तंबाकू छोड़ने के लिए चिकित्सकीय सहायता लेना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है जो लोगों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से परिचित कराने और उन्हें तंबाकू सेवन से बचने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। तंबाकू छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्प, धीरे-धीरे छोड़ना, माउथ फ्रेशनर, सहायता समूह और चिकित्सकीय सहायता जैसे उपाय अपनाए जा सकते हैं।

उमेन्द्र दाधीच
@ बिज़नेस रेमेडीज

## प्रोपर्टी

# मुंबई संपत्ति कर में औसतन 15 फीसदी की हुई बढ़ोत्तरी

**देश की सबसे अमीर मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने 10 साल बाद संपत्ति कर की दरों में बढ़ोत्तरी की है। संपत्ति कर में बढ़ोत्तरी की वजह रेडी रेकनर दरों में हुई बढ़ोत्तरी को बताया जा रहा है, जिसकी वजह से मुंबई संपत्ति कर में औसतन 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।**

**बिजनेस रेमेडीज/मुंबई।** देश की सबसे अमीर मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने 10 साल बाद संपत्ति कर की दरों में बढ़ोत्तरी की है। संपत्ति कर में बढ़ोत्तरी की वजह रेडी रेकनर दरों में हुई बढ़ोत्तरी को बताया जा रहा है, जिसकी वजह से मुंबई संपत्ति कर में औसतन 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। बीएमसी प्रशासन के इस फैसले से मुंबई के 9 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी मालिक प्रभावित होगे। संपत्ति कर में हुई भारी बढ़ोत्तरी विपक्षी दलों के साथ आम लोग विरोध कर रहे हैं।

बीएमसी प्रशासन का कहना है कि मार्च 2025 में रेडी रेकनर दरों में औसतन 3.88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई । रेडी रेकनर दरों के आधार पर संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) का निर्धारण होता है। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी कह रहे हैं कि मुंबई की मौजूदा प्रॉपर्टी टैक्स में कोई संशोधन या बदलाव नहीं किया गया है। मुंबई में प्रॉपर्टी टैक्स सीधे आरआरआर से जुड़ा हुआ है। रेडी रेकनर रेट में बढ़ोतरी को बढ़ाने के सरकार के फैसले




ने मुंबई में प्रॉपर्टी टैक्स पर असर डाला है। इसलिए मुंबई में 8-20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 के बिलों में दिखाई देंगी। उनका कहना है कि बीएमसी ने 500 वर्ग फुट से छोटे घरों को इस बढ़ोतरी से पूरी तरह छूट दी है, जिससे करीब 3.6 लाख लोगों पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। लोगों का कहना है कि मुंबई के कई इलाकों में प्रॉपर्टी टैक्स में 40 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी हुई है, जो असहनीय है। विपक्षी दल इस बढ़ोत्तरी का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस इस मामले को अदालत में चुनौती देने की बात कर रही है। कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि बीएमसी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद पुरानी टैक्स निर्धारण प्रणाली को जारी रखा है। नई प्रणाली लागू होती तो टैक्स दरें 40 फीसदी तक कम हो सकती थीं । कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इसे अनुचित और अवैध करार देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं मुंबई के पालक मंत्री एकनाथ शिंदे से हस्तक्षेप की मांग की है।

पिछली बार प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोतरी 2015-16 में की गई थी। बीएमसी के नियमों के मुताबिक, हर पांच साल में टैक्स दरों की समीक्षा की जानी चाहिए। हालांकि 2020 में कोविड-19 महामारी और उसके बाद की राजनीतिक कारणों से बढ़ोतरी नहीं हो सकी थी। प्रॉपर्टी टैक्स में बढ़ोत्तरी के साथ इस साल बीएमसी ने बजट में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट चार्ज नाम से एक नया सेस पेश किया है, जो कि 2026-27 से लागू हो सकता है। बीएमसी इस साल 5,200 करोड़ रुपये राजस्व प्रॉपर्टी टैक्स से जुटाने का लक्ष्य रखा है । टैक्स भुगतान की अंतिम तारीख 30 जून 2025 रखी गई है। समय पर भुगतान करने पर छूट मिलेगी, जबकि विलंब पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**सदस्यता कूपन**




**(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)**

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
| --- | --- | --- |
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ......................................................

पताः ......................................................

..................................पिनकोड......................

फोनः.............................. मो. ..............................

ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ......................................

ई-मेलः ......................................................

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।

**Bank Account:- Business Remedies**
**A/c No. 61233949765** **Bank Name: SBI**

**पताः- 63/118, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020**
**फोनः- 9166611333, 9929106227**

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

**कोरियर सुविधा**

कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

# ग्रेटर नोएडा में बड़े स्तर पर औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की स्कीम लाई योगी सरकार

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा/आईएएनएस।** उत्तर प्रदेश को 'उद्यम प्रदेश' बनाकर प्रदेश की 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकॉनमी बनने का सपना पूरा करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीम लेकर आई है।

सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कीम के अंतर्गत गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित इकोटेक, उद्योग केंद्र और उद्योग विहार समेत विभिन्न सेक्टर्स में कुल मिलाकर 40 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस स्कीम के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूखंड तलाश रहे आवेदनकर्ताओं के लिए 450 से लेकर 8,000 स्क्वायर मीटर के प्लॉट उपलब्ध होंगे। इनका रिजर्व प्राइस प्रति स्क्वायर मीटर 28,600 से 33,950 के बीच निर्धारित है।

खास बात यह है कि इस स्कीम के अंतर्गत आवेदन करने वाले आवेदनकर्ता 242 कैटेगरी के अंतर्गत औद्योगिक इकाई लगा सकेंगे। वहीं, डिस्टिलरी, पेट्रोकेमिकल्स, उर्वरक समेत 27 कैटेगरी के उद्योग इस स्कीम के पात्र नहीं होंगे। जबकि, डाई, ब्लीचिंग समेत 5 प्रकार के उद्योग



को रिस्ट्रिक्टिव बेसिस पर औद्योगिक इकाई लगाने की स्वीकृति दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य स्कीम के अंतर्गत दादरी के पास मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए बल्क लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने जिन 40 औद्योगिक प्लॉटों के आवंटन की स्कीम लाई है, उनके अंतर्गत अगरबत्ती, हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट से लेकर इलेक्ट्रिक कॉम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की स्थापना होगी। इस स्कीम के अंतर्गत ब्रोशर डाउनलोड की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रजिस्ट्रेशन दाखिल करने की अंतिम तिथि 16 जून, रजिस्ट्रेशन, ईएमडी व प्रोसेसिंग फीस जमा करने की अंतिम तिथि 18 जून तथा फाइनल सबमिशन की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित है।

प्रक्रिया के अंतर्गत, ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-XI, इकोटेक-3, उद्योग केन्द्र एक्सटेंशन-1, इकोटेक-1 एक्सटेंशन, इकोटेक-2, उद्योग विहार एक्सटेंशन, इकोटेक-6 ब्लॉक बी तथा इकोटेक-X में औद्योगिक भूखंड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। भू-आवंटन को ई-ऑक्शन प्र या के जरिए पूरा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा निवेश मित्र की साइट को देखा जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गौतमबुद्ध नगर में दादरी के समीप मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए बल्क लैंड अलॉटमेंट प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए स्कीम लाई गई है, जिसके अंतर्गत इंटर मॉडल कंटेनर टर्मिनल, कार्गो हैंडलिंग यार्ड, मैकेनाइज्ड वेयरहाउस, स्पेशलाइज्ड कोल्ड स्टोरेज, लॉजिस्टिक्स व कार्गो टर्मिनल बिजनेस, कस्टम क्लियरेंस, फ्रेट फॉर्वर्डिंग सर्विस व ट्रांसपोर्टेशन जैसी सर्विसेस की स्थापना हो सकेगी। सेक्टर कप्पा-2 के प्लॉट नंबर-1 पर इन सर्विसेस की स्थापना के लिए स्कीम लाई गई है। इसके अंतर्गत 174.12 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न सुविधाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

उल्लेखनीय है कि यह जेवर एयरपोर्ट के समीप है तथा ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ा हुआ है, जिससे यह उत्तम रोड व एयर कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करता है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए स्कीम के अंतर्गत 11 हजार रुपए प्रति स्क्वायर मीटर लैंड अलॉटमेंट रेट निर्धारित किया गया है। यहां लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना करने वाली पात्र इकाइयों को मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) पॉलिसी-2024 के अंतर्गत विशेष लाभ मिलेंगे। यहां इकाई स्थापना के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 23 जून 2025 तक जारी रहेगी। 1,200 करोड़ के निवेश के साथ ही लॉजिस्टिक्स सेक्टर में कार्य करने के लिए 10 वर्षों का अनुभव रखने वाले डेवलपर ही स्कीम के अंतर्गत पात्र होंगे।

# केनव्यू और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दिल्ली ने बेबी की संवेदनशील त्वचा की देखभाल में कोलाइडल ओटमील की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला

## एक नए भारतीय विशेषज्ञों की आम सहमति और विशेषज्ञ इनपुट से पता चलता है कि एटोपिक डर्माटाइटिस भारतीय बेबीह्न को काफी ज्यादा होता है, करीबन 20-39 प्रतिशत बेबीज को इस तकलीफ का सामना करना पड़ता है

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

संवेदनशील त्वचा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता स्वास्थ्य कंपनी केनव्यू ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) दिल्ली के साथ मिलकर 'ओट नेचर लैब' का आयोजन किया। बेबीज की संवेदनशील त्वचा के लिए एविडेंस-बेस्ड केयर रोजाना देने के महत्व और इस गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को संबोधित करने के लिए कोलाइडल ओट पर आधारित त्वचा देखभाल की भूमिका पर इसमें प्रकाश डाला गया।

**संवेदनशील त्वचा का छिपा प्रभाव :** एटोपिक डर्माटाइटिस (एडी), एक्जिमा ज़ेरोसिस और डायपर डर्माटाइटिस जैसी संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। दुनिया भर में एटोपिक डर्माटाइटिस से बेबीज वयस्कों की तुलना में दोगुने ज्यादा प्रभावित होते हैं। पिछले दशक में, शहरीकरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन, तापमान और आर्द्रता बढ़ने के कारण भारतीय बच्चों में संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। एक नए भारतीय विशेषज्ञों की आम सहमति और आईएपी के इनपुट के अनुसार, एटोपिक डर्माटाइटिस से पीड़ित भारतीय बच्चों की संख्या 20-39 प्रतिशत से बढ़ रही है।

आज, पीडियाट्रिक ओपीडी में लगभग 30 प्रतिशत बेबी त्वचा संबंधी विकारों की शिकायतों के लिए लाए जाते हैं। उनके लिए एटोपिक डर्माटाइटिस के प्रबंधन में मदद के लिए जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता होती है। फिर भी, नवजात शिशु या छोटे बेबी की त्वचा की देखभाल पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता है, जिसका सीधा असर बेबी की कुल जीवन गुणवत्ता पर और परिवार की खुशहाली पर पड़ता है।

'ओट नेचर लैब' में भारत के प्रमुख पीडियाट्रिशियन, डर्मेटोलॉजिस्ट और हेल्थकेयर प्रोफेशनल की उपस्थिति में, पीडियाट्रिक स्किन केयर साइंस और बेबीज की संवेदनशील त्वचा के इलाज में कोलाइडल ओटमील की प्रमुख भूमिका के बारे में नवीनतम वैज्ञानिक अनुसंधान, रियल-टाइम अनुभव और सबूतों पर आधारित प्रथाओं को सामने लाया। कोलाइडल ओट-बेस्ड एमोलिएंट्स के बारे में बढ़ते क्लिनिकल भरोसे पर सहमति जताते हुए, विशेषज्ञों ने राहत दिलाने, त्वचा की संरक्षक परत को ठीक करने और मॉइस्चराइज़ करने में संवेदनशील त्वचा के प्रबंधन में इसके सकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेबी की संवेदनशीलता प्रोफ़ाइल के अनुरूप व्यापक समाधानों के महत्व पर जोर दिया, जैसे कि, सही इंग्रीडियंट के साथ सही फॉर्मयुलेशन चुनना।

आईएपी दिल्ली के अध्यक्ष डॉ पंकज गर्ग के अनुसार, 'बेबीज की संवेदनशील त्वचा की तकलीफों को बढ़ते हुए देखकर, पीडियाट्रिक कम्युनिटी और माता-पिता दोनों के बीच जागरूकता को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) ने संवेदनशील त्वचा का बेहतर ढंग से इलाज करने के लिए मानकीकृत दिशानिर्देश लागू किए हैं, जिसमें कोमल देखभाल, परेशान करने वाले और कठोर उत्पादों से परहेज के साथ-साथ सेरामाइड्स, लिपिड और प्राकृतिक कोलाइड ओटमील युक्त एमोलिएंट के नियमित उपयोग पर जर दिया गया है, जिससे यह बच्चों की संवेदनशील त्वचा की देखभाल में आधारशिला बन गया है। हम केनव्यू की सराहना करते हैं कि उन्होंने बच्चों में त्वचा के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विज्ञान और शैक्षिक पहलों के जरिए लगातार प्रयास किए हैं।'

पीडियाट्रिक और डर्मेटोलॉजिकल दृष्टि से केस स्टडीज पर प्रकाश डालते हुए, अनुभवी पीडियाट्रिशियन डॉ अरुण वाधवा और डॉ शेली कपूर सोमशेखर ने संवेदनशील त्वचा की स्थिति के इलाज में व्यावहारिक चुनौतियों और पूर्ण उपचारात्मक चिकित्सा जैसे सफल हस्तक्षेपों का वर्णन किया जो स्टेरॉयड की आवश्यकता को कम करने में मदद करते हैं, जिससे बेबी के जीवन की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है।

प्रसिद्ध डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. संजीव कंधारी और डॉ. शेली कपूर और प्रसिद्ध पीडियाट्रिक ऍलर्जीस्ट डॉ. नीरज गुप्ता के साथ मिलकर डॉ ए आर सोमशेखर ने क्लिनिक और घर दोनों जगह पीडियाट्रिक स्किन केयर की दिनचर्या में कोलाइडल ओट को शामिल करने के सर्वोत्तम तरीकों को साझा किया।

इस वर्ष की शुरुआत में, केनव्यू इंडिया ने बेबी की संवेदनशील त्वचा के इलाज में कोलाइडल ओट-आधारित त्वचा देखभाल की भूमिका पर भारत की पहली मानकीकृत आम सहमति सिफारिशें लॉन्च की। बेबीज में संवेदनशील त्वचा की देखभाल के लिए नियोनेटोलॉजिस्ट, पीडिया-ट्रिशियन, एलर्जी विशेषज्ञों और त्वचा विशेषज्ञों को मार्गदर्शन प्रदान करना इसका उद्देश्य था। भारतीय बाल रोग अकादमी (आईएपी) द्वारा विशेषज्ञ इनपुट और समीक्षा के साथ, आम सहमति पैनल ने मॉइस्चराइज़र के लाभों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से त्वचा को प्रभावी ढंग से हाइड्रेट करने, त्वचा की संरक्षक परत को ठीक करने में मदद करने और विभिन्न संवेदनशील त्वचा स्थितियों से राहत प्रदान करने में कोलाइडल ओटमील के लाभों पर प्रकाश डाला।

केनव्यू में बिजनेस यूनिट, एसेंशियल हेल्थ एंड स्किन हेल्थ और मार्केटिंग के उपाध्यक्ष मनोज गाडगिल ने कहा, कि केनव्यू में हम हर रोज़ की देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संवेदनशील त्वचा की स्थिति, खास तौर पर बेबीज में, बेबी के साथ-साथ उनके परिवार के समग्र स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर होता है। हालांकि, संवेदनशील त्वचा की स्थिति और इसे प्रबंधित करने के लिए आवश्यक उपायों के बारे में जागरूकता कम है। पिछले कई सालों से, एवीनो बेबी संवेदनशील त्वचा की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ओट्स की प्रभावकारिता के बारे में हमारी अपनी तरह की पहली वैश्विक वैज्ञानिक खोज 'ओट नेचर लैब', बेबीज में संवेदनशील त्वचा की स्थिति के बारे में जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वैज्ञानिक संवाद और खोज के ज़रिए, हम दशकों से ओट विज्ञान के अपने अनुभव को ज़्यादा से ज़्यादा स्वास्थ्य विशेषज्ञों और माताओं तक पहुंचा रहे हैं और उन्हें मेडिकल रूप से सिद्ध विज्ञान समर्थित समाधान प्रदान कर रहे हैं।

केनव्यू में बेबी एंड वीमेन्स हेल्थ रिसर्च एंड डेवलपमेंट के रीजनल हेड, डॉ. दिलीप त्रिपाठी ने कहा कि कई पीढ़ियों से केनव्यू संवेदनशील स्थितियों को संबोधित करने के लिए कोलाइडल ओटमील के बारे में विज्ञान को आगे बढ़ा रहा है, ताकि बेबी की त्वचा को पोषण और सुरक्षा प्रदान करने में मदद मिल सके। जबकि कई संवेदनशील त्वचा इंग्रीडियंट केवल मॉइस्चराइज़ करते हैं, ओट सूखी, खुजली वाली त्वचा को राहत प्रदान करता है और त्वचा के प्राकृतिक सेरामाइड संतुलन और माइक्रोबायोम को बहाल करने में मदद करता है। हम बच्चों के समग्र स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए इन स्थितियों के प्रबंधन में जागरूकता को मजबूत करने और नए, विज्ञान-समर्थित समाधान प्रदान करने के लिए पीडियाट्रिशियन और डर्मेटोलॉजिस्ट के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## एनसीएलएटी से वेदांता को बिजली कारोबार डीमर्जर की योजना पर राहत मिली

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें वेदांता लिमिटेड के बिजली कारोबार को डिमर्ज करने और परिणामी कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के साथ इसके विलय को खारिज कर दिया गया था। दो सदस्यीय पीठ ने लिखा कि स्थगन देना उचित होगा। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा, 'इस प्रकार हमारे समक्ष उठाए गए मुद्दों पर विस्तार से विचार करने की आवश्यकता है और वर्तमान में प्रस्तुत किए गए सबमिशन के मद्देनजर योजना अलग-अलग हो सकती है और इसलिए यदि विवादित आदेश पर स्थगन नहीं दिया जाता है तो यह विभिन्न न्यायाधिकरणों में लंबित अन्य तीन हस्तांतरणकर्ता कंपनियों के संबंध में दायर दूसरे प्रस्ताव आवेदन को प्रभावित कर सकता है।' एनसीएलएटी ने अब मामले की सुनवाई 4 अगस्त को तय की है।

एक्सचेंज फाइलिंग में वेदांता लिमिटेड ने कहा कि वह अपनी रणनीतिक पुनर्गठन योजना के प्रति प्रतिबद्ध है और सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य अनलॉक करने की दिशा में काम करना जारी रखेगी। फरवरी में शेयरधारकों और लेनदारों से पक्ष में मत मिलने के बाद, खनन क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने कहा कि उसने एनसीएलटी के समक्ष दूसरी प्रस्ताव याचिका दायर की है, और 2 जुलाई को अंतिम सुनवाई निर्धारित है। प्रबंधन ने इस साल सितंबर तक वेदांता लिमिटेड के विभाजन को पूरा करने की पुष्टि की थी। वेदांता के अनुसार, इसके प्रस्तावित विभाजन से क्षेत्र केंद्रित स्वतंत्र व्यवसायों के साथ इसके कॉर्पोरेट ढांचे को सरल बनाने में मदद मिलेगी। वेदांता के अनुसार, सूचीबद्ध इक्विटी और स्व संचालित प्रबंधन टीमों के साथ, डीमर्जर व्यक्तिगत इकाइयों को रणनीतिक एजेंडा को अधिक स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ाने और ग्राहकों और निवेश चक्रों के साथ बेहतर तालमेल बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इसके अलावा, वेदांता को उम्मीद है कि विभाजन प्रत्येक वर्टिकल में तेजी से विकास के लिए मूल्य और क्षमता को अनलॉक करेगा।

**SAGAR DEPOSITS & ADVANCES LTD.**
CATEGORY 'A' NON BANKING FINANCE COMPANY (APPROVED BY RESERVE BANK OF INDIA)
Regd. Office: Plot No: 344, Nemi Sagar Queens Road, Near BP Petrol Pump, Jaipur, 302021 (Raj.) Tel.: 01414364338, CIN: U65921RJ1989PLC066740
Toll Free : 18001800047, Website : www.sdal.in Email : Info@sdal.in


**सोने के गहनों की नीलामी की जाहीर सूचना**

इस प्रकार आम जनता को सूचना दी जाती है कि उधारकर्ता द्वारा निम्नलिखित स्वर्ण ऋण खातो में बकाया राशि का भुगतान नही किये जाने की वजह से :- SDALGL507, SDALGL533, SDALGL88R, SDALGL537, SDALGL571, SDALGL556, SDALGL91, SDALGL566, SDALGL590 हम दिनांक 06.06.2025 को सुबह 10.00 बजे संबंधित केन्द्र में उपरोक्त उधारकर्ताओं के गिरवी रखें सोने के आभूषणो की नीलामी का आयोजन कर रहे है। जहा से ऋण लिया गया और ऋण का लाभ उठाया गया है और केन्द्र के पते विधिवत् हमारी website www.sdal.in पर उपलब्ध है। सभी डिफॉल्ट ऋण लेने वालो को नीलामी के बारे में पहले से ही नीलामी सूचना डाक से माध्यम के सूचित किया गया है डिफॉल्ट उधारकर्ताओ के गिरवी रखे सोने के गहनो का विवरण संबधित केन्द्र पर उपलब्ध है लेकिन 31.05.2025 इस इस प्रकाशन के दिन या उसके बाद बंद किये जाने वाले डीफॉल्ट लॉन्स के लिए अनुपातिक प्रकाशन का शुल्क देय होगा। बोलीकर्ताओ को सोने के आभूषणो को निरिक्षण करने के लिए 02.06.2025 आमन्त्रित किया है। बिकी के लिए सोने के आभूषण जैसे है जहाँ है के आधार पर है। यह निलामी मैसर्स सागर डिपोजिट एण्ड फाइनेंस लिमिटेड के आधारित तय नियम एंव शर्तों पर की जायेगी। सागर डिपोजिट एण्ड फाइनेंस लिमिटेड को बिना किसी पूर्वसूचना के किसी भी खातो को निलामी सूची से हटाने के लिए या निलामी की तिथि बदलने का अधिकार है।

अधिकृत अधिकारी

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने महाराष्ट्र में 1,660 करोड़ रु. का ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट जीता

**बिज़नेस रेमेडीज/अहमदाबाद/आईएएनएस**




अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसने महाराष्ट्र में 1,660 करोड़ रुपए का अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट जीता है।

इस प्रोजेक्ट के दायरे में 3,000 मेगावोल्ट-एम्पीयर (एमवीए) क्षमता के सबस्टेशनों की स्थापना के अलावा अन्य संबंधित ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना शामिल है, जिससे एईएसएल का कुल ट्रांसमिशन नेटवर्क 26,696 सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) और 93,236 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता तक पहुंच जाएगा। भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और वितरण कंपनी और अदाणी समूह का हिस्सा एईएसएल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट जनवरी 2028 तक चालू हो जाएगा।

स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी), डब्ल्यूआरएनईएस तालेगांव पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के तहत स्थित यह प्रोजेक्ट क्षेत्र में आगामी हाइड्रो पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) से 1.5 गीगावाट ग्रीन बिजली निकालने में मदद करेगा और मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की मांग को पूरा करने में सहायता करेगा। प्रोजेक्ट एसपीवी को औपचारिक रूप से एईएसएल को हस्तांतरित कर दिया गया है।

एईएसएल ने टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) सिस्टम के तहत यह अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) प्रोजेक्ट जीता है और आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) बोली प्रक्रिया समन्वयक थी। कंपनी ने बताया कि इस ऑर्डर जीत के साथ, एईएसएल की ट्रांसमिशन ऑर्डरबुक अब 61,600 करोड़ रुपए हो गई है। एईएसएल का वित्त वर्ष 25 में शुद्ध मुनाफा 103 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 2,427 करोड़ रुपए पर था। इसके साथ ही, जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा 87 प्रतिशत बढ़कर 714 करोड़ रुपए हो गया था। वित्त वर्ष 25 में अदाणी ग्रुप की कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 24,447 करोड़ रुपए हो गई। इसकी वजह ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स से आय में इजाफा, मुंबई एवं मुंद्रा में बिजली की रिकॉर्ड बिक्री और स्मार्ट मीटर बिजनेस का अच्छा प्रदर्शन करना है।

## 'बिहार अगले पांच साल में आर्थिक रूप से संपन्न होगा'

**बिज़नेस रेमेडीज/पटना/आईएएनएस।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिक्रमगंज में दिए गए बयान को सत्य बताते हुए कहा कि जंगलराज को आज भी बिहार के लोग नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि 20 साल बिहार को बनाने का समय था और आगे आने वाला पांच साल आर्थिक संपन्नता का होगा। पूर्व की सरकार ने जितना बिहार को बिगाड़ा था, उसे 20 साल संवारने का काम किया गया। बिहार की जनता को अब सोच-समझकर वोट करना है।

पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने जो कहा, वह सत्य है। ऑपरेशन सिंदूर से उन्होंने करके दिखाया है। जंगलराज को पूरा बिहार जानता है कि किस तरह यहां के व्यवसायी, डॉक्टर और लोग बदहाल थे। उस समय अपहरण उद्योग चलता था। आज लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## गोदरेज ने ब्लू अमोनिया ट्रांस्फर समाधान के साथ मध्य-पूर्व में अपने स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का विस्तार किया

**बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई**

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट व्यवसाय ने मध्य-पूर्व में दुनिया की सबसे बड़ी ब्लू अमोनिया उत्पादन इकाइयों में से एक को सफलतापूर्वक बड़े एक्सचेंजर की आपूर्ति की। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में योगदान करते हुए, यह आपूर्ति उच्च गुणवत्ता वाले प्रोसेस उपकरण (इक्विपमेंट) के विनिर्माण में कंपनी की क्षमता का विस्तार करती है और वैश्विक स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने की प्रक्रिया में उनकी बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा और डीकार्बनाइजेशन पर बढ़ते जोर के बीच, कंपनी ने हाइड्रोजन और अमोनिया उत्पादन में विशेष उपकरणों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं को रणनीतिक रूप से अनुकूल बनाया है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज के एक अंग, प्रोसेस इक्विपमेंट के कार्यकारी उपाध्यक्ष और व्यवसाय प्रमुख, हुसैन शरियार ने कहा कि यह परियोजना प्रोसेस इक्विपमेंट व्यवसाय के लिहाज से एक और उपलब्धि है और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के लिए वैश्विक संक्रमण का समर्थन करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। हमारी उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं और विनिर्माण उत्कृष्टता ने हमें दुनिया भर में जटिल ऊर्जा परियोजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण उपकरणों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया है। व्यवसाय ने चार उच्च दबाव वाले एक्सचेंजर और एक उच्च दबाव वाले सेपरेटर सहित लो अलॉय वाले स्टील मेटालर्जी के साथ उपकरण, एक ब्लू अमोनिया संयंत्र को वितरित किए। इन उपकरणों को उच्च तापमान और दबाव पर चलाने करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे अधिकतम ऊर्जा रिकवरी और प्रक्रिया के लिहाज से दक्षता सुनिश्चित होती है।

**नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड**
CIN NO. L14219RJ1988PLC062162
पंजीकृत कार्यालयः फ्लैट नं. 606, स्कीम चौपासनी जागीर, खसरा नं. 175/74, प्लॉट नं. 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001
31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही व वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण
रूपये लाखों मे

| क्र. सं. | विवरण | तीन माह समाप्त 31.03.2025 (अंकेक्षित) | वर्तमान अवधि के लिए वर्ष दर तिथि के आंकड़े 31.03.2025 (अंकेक्षित) | पिछले वर्ष की समान अवधि में समाप्त तीन माह 31.03.2024 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधरण वस्तुओं से पहले) | 66.40 | 66.43 | 65.64 |
| 3. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधरण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 66.40 | 66.43 | 65.64 |
| 4. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधरण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 37.01 | 19.55 | 34.96 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि) और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | 37.01 | 19.55 | 34.96 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 504.37 | 504.37 | 504.37 |
| 7. | आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) (नियमित व अनियमित संचालन के लिए) 1.मूल 2.तनुकृतः | 0.73 | 0.39 | 0.69 |

टिप्पणीः
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर किए गए त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के आदेश से
नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
नौरतमल कंवर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00464435

स्थानः जोधपुर
दिनांकः 30 मई 2025

## धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के मास्टर प्लान से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ लोगों को मिलेगा उच्च स्तरीय जीवन

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली/ आईएएनएस।** धारावी रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट (डीआरपी) धारावीकरों के जीवन और 'रहने-काम करने' की स्थितियों को बदलने का एक अनूठा अवसर है, जिसका लक्ष्य बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के साथ उच्च गुणवत्ता का जीवन स्तर प्रदान करना है। प्रस्तावित मास्टर प्लान धारावीकरों के लिए एक विश्व स्तरीय जिला बनाने और मुंबई के लिए एक नए दिल की कल्पना करने का एक प्रयास है। धारावी मास्टर प्लान तीन मार्गदर्शक सिद्धांतों की नींव पर बनाया गया है, जिसमें रीडेवलपमेंट के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन को आगे बढ़ाना, मजबूत इकोसिस्टम और इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना और एक समतापूर्ण धारावी को बढ़ावा देना शामिल है।

## बार्बीक्यू नेशन ने नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल उदयपुर में अपने रेस्टोरेंट का रीलॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/उदयपुर**



भारत की अग्रणी रेस्टोरेंट्स श्रृंखला बार्बीक्यू नेशन ने नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल उदयपुर में अपने रेस्टोरेंट को आधुनिक ट्रेंडी इंटीरियर्स और नये लुक के साथ रीलॉन्च किया, और साथ में बिकुल वही स्वादिष्ट ग्रिल जो 2016 से उदयपुर के मेहमानों को खुश कर रहे हैं। यह रेस्टोरेंट फैमिली फंक्शन्स व कॉर्पोरेट पार्टीज़ के लिए उत्तम स्थान है।

इस मौके पर बार्बीक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के रीजनल मैनेजर नार्थ धर्मेंद्र भाटी भी उपस्थित थे जिन्होंने कहा कि अपने इस रेस्टोरेंट को रीलॉन्च करते हुए हमें काफी खुशी हो रही है। अपने ग्राहकों को बढ़िया अनुभव एवं सेवा देना ही हमारा पहला लक्ष्य है और यही हमें दूसरों से अलग और बेहतर बनाता है। हम उदयपुर के फूडीज के आभारी हैं जिन्होने हमें 2016 से उनकी सेवा का अवसर दिया। यह एक बेहतरीन यात्रा रही है और हम बहुत उत्साहित है कि अपने इस नए ट्रेंडी लुक रेस्टोरेंट में एक नई एंबिएंस और नई ऊर्जा के साथ अपने ग्राहकों का स्वागत करें। यहां की सबसे बड़ी खासियत अनलिमिटेड ग्रिल्स, लाइव काउंटर्स, अनलिमिट बुफ़े और अति स्वादिष्ट डेज़र्ट्स है। नॉन वेज और वेज खाने को खुद ग्रिल करके खाने के कांसेप्ट यानी कि 'डू इट योरसेल्फ' कांसेप्ट का भारत में पायनियर बार्बी क्यू नेशन रेस्टोरेंट है. इसका पहला रेस्टोरेंट मुंबई में 2006 में खुला था. बार्बीक्यू नेशन का विज़न है डाइनिंग का उत्कृष्ट एवं संपूर्ण अनुभव बहुत ही किफायती दामों में। उत्कृष्ट सर्विस और ग्राहक सेटिस्फेक्शन की फिलॉसफी के कारण ही चेन का पूरे भारत में बड़ी तेज़ी से विस्तार हुआ। इन वर्षों में देश में 80 प्लस शहरों में 190 प्लस रेस्टोरेंट्स खोलकर सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस दौरान ब्रांड ने इंटरएक्टिव लाइव काउंटर, स्वादिष्ट कुल्फी व बारबीक्यू इन् ए बॉक्स जैसे सफल कॉन्सेप्ट्स भी ग्राहकों के समक्ष रखें।

**SUNRAKSHAKK INDUSTRIES INDIA LIMITED**
**(FOREMERLY KNOWN AS A.K. SPINTEX LIMITED)**
Regd. Office:-14 K.M. STONE, CHITTOR ROAD, BILIYA-KALAN, BHILWARA-311001 (RAJ.)
Ph: 9887049006, 9929139002 Email:-akspintex@gmail.com • Website:-www.akspintex.com • CIN: L17117RJ1994PLC008916
**Audited Standalone & Consolidated Financial Result for the Quarter and Year ended March 31, 2025** (Rs. In lacs, Except EPS)

| Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | | Year Ended | |
| | 31.03.2025 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited |
| Total income from operations (net) | 2662.60 | 2654.84 | 305.78 | 10404.57 | 11723.55 | 18015.86 | 11723.55 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 106.17 | 219.63 | 209.90 | 563.49 | 844.73 | 1101.03 | 844.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after extraordinary items) | 106.17 | 219.63 | 209.90 | 563.49 | 844.73 | 1101.03 | 844.73 |
| Total Other Comprehensive Income/(Loss) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Equity Share Capital | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | 3957.61 | 3394.11 | 4672.42 | 3394.11 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 2.11 | 4.36 | 4.17 | 11.20 | 16.79 | 21.88 | 16.79 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 2.11 | 4.36 | 4.17 | 11.20 | 16.79 | 21.88 | 16.79 |

**Notes:** The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2025 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats on Financial Results are available on the Stock Exchange websites of BSE at **www.bseindia.com** and company's website at **www.akspintex.com.**

Date : 30.05.2025
Place: Bhilwara

For and on behalf of Board of Directors
For **SUNRAKSHAKK INDUSTRIES INDIA LIMITED**
Sd/-
**(Prakash Chand Chhabra)**
Managing Director (DIN: 00155631)

# इंडोनेशिया में संजय झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई

**बिज़नेस रेमेडीज/ जकार्ता/आईएएनएस**



जदयू (जनता दल यूनाइटेड) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड (पीबीएनयू) के अध्यक्ष के.एच. उलिल अबशार अब्दुल्ला और दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन 'नहदलातुल उलमा (एनयू) इन इंडोनेशिया' के समिति सदस्य खोलीली खोलील से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने हिंसा और धार्मिक चरमपंथ के खिलाफ उनका समर्थन मांगा।

संजय झा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'नहदलातुल उलमा कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष के.एच. उलिल अबशार अब्दुल्ला और दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नहदलातुल उलमा के समिति सदस्य खोलीली खोलील से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख की पुष्टि की और धार्मिक उग्रवाद का मुकाबला करने में समर्थन मांगा। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कि भिन्नेका तुंगल इका (सब अलग-अलग हैं, फिर भी एक हैं) के मूल्यों से बंधे राष्ट्रों के रूप में, हमने शांति और न्याय को बढ़ावा देने के लिए साझा आवाज बनने का आह्वान किया। के.एच. उलिल ने भारत के साथ गहरी एकजुटता व्यक्त की, पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और शांति, सहयोग तथा प्रगति के लिए भारत और इंडोनेशिया के साथ मिलकर चलने की आवश्यकता की पुष्टि की।' गत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई, के.एच. उलिल ने कहा कि वह दर्द महसूस करते हैं और उन्होंने भारत और इंडोनेशिया से शांति तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए साथ चलने का आह्वान किया।

अनेकता में एकता या 'भिन्नेका तुंगल इका' के साझा मूल्यों वाले सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाले शांतिप्रिय देशों के रूप में, जिसे राज्य की नीति के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी अपनाया जाता है, प्रतिनिधिमंडल के नेता ने एनयू नेताओं से भारत का समर्थन करने और दुनिया को एक कड़ा संदेश देने के लिए सीमा पार आतंकवाद की निंदा करने का आग्रह किया। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया में लगभग 20 देशों के मैत्रीपूर्ण राजनयिक मिशनों के निवासी राजदूतों के साथ बातचीत की।

# यूरोपीय संघ ने बांग्लादेश में सफल राजनीतिक परिवर्तन का आग्रह किया

**बिज़नेस रेमेडीज/ ढाका/आईएएनएस**

बांग्लादेश की स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि यहां यूरोपीय संघ के राजदूत माइकल मिलर ने कहा है कि यूरोपीय संघ दक्षिण एशियाई देश में एक सफल लोकतांत्रिक राजनीतिक परिवर्तन चाहता है। जबकि, वह इसकी वकालत नहीं करते हैं कि बांग्लादेश में आम चुनाव 'जल्दी या देर से' हों, यह पूरी तरह से यहां की सरकार पर निर्भर करता है।

संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मिलर ने जोर देकर कहा कि मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में यूरोपीय संघ सुधारों को लागू करने की विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने मौलिक अधिकारों, कानून के शासन और उचित प्रक्रिया का पालन करने के महत्व पर प्रकाश डाला। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी ने यूरोपीय संघ के राजदूत के हवाले से कहा कि हमें लगता है कि यहां आम चुनाव की तारीख पर कोई भी निर्णय बांग्लादेश का निर्णय है। यूरोपीय संघ का आप पर जल्दी या देर से चुनाव कराने के लिए दबाव डालने की मंशा नहीं है। ऐसा करना वास्तव में हमारा काम नहीं है। हम चाहते हैं कि आपका राजनीतिक परिवर्तन, एक सफल परिवर्तन हो। हम आपके सुधारवादी एजेंडे को लागू करने में मदद करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर सकते हैं।÷

इस महीने की शुरुआत में मिलर ने कहा था कि राष्ट्रीय चुनाव कराने से पहले देश में आवश्यक सुधार पूरे कर लिए जाने चाहिए। उन्होंने ये टिप्पणियां ढाका में नेशनल प्रेस क्लब में आयोजित बांग्लादेश के राजनयिक संवाददाता संघ (डीसीएबी) के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान की थीं।

मिलर ने कहा कि हमें उम्मीद है कि राजनीतिक दल और अंतरिम सरकार सुधारों की दिशा में मिलकर काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि यूरोपीय संघ चाहता है कि चुनाव अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय तरीके से हों। एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा कि यूरोपीय संघ भी चुनाव के लिए सहायता प्रदान करने में रुचि रखता है, लेकिन तब जब बांग्लादेश सरकार यह तय कर ले कि चुनाव कब कराने हैं।

इस बीच, जापान की अपनी मौजूदा यात्रा के दौरान मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने दोहराया कि देश का अगला आम चुनाव इस साल दिसंबर और अगले साल जून के बीच कभी भी होगा।मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा, कि यूनुस ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री तारो आसो से कहा कि चुनाव इस साल दिसंबर से अगले साल जून के बीच होंगे। उन्होंने छह महीने की समय-सीमा तय की है और चुनाव उसी अवधि में करवाए जाएंगे। दूसरी ओर, बिगड़ते राजनीतिक संकट के बीच बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली की मांग तेज हो गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, बीएनपी ने चेतावनी दी थी कि यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में चल रही उथल-पुथल निकट भविष्य में चुनाव कराने की किसी योजना के अभाव में और भी बदतर होने वाली है। इससे पहले बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य मिर्जा अब्बास ने अंतरिम सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सरकार सिर से पैर तक सड़ी हुइ है।

# भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : संयुक्त राष्ट्र अधिकारी

**बिज़नेस रेमेडीज/यूनाइटेड नेशंस/आईएएनएस**

पीस ऑपरेशन के अंडर-सेक्रेटरी जनरल जीन-पियरे लैक्रोइक्स के मुताबिक, शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के अभियान का नेतृत्व करके भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, कि 'शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध के लिए जवाबदेही पर भारत की ओर से नेतृत्व' सैनिकों और पुलिस के योगदान से परे शांति स्थापना में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

भारत शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतु 39 सदस्यीय मित्र समूह का नेता है, जिसकी स्थापना उसने 2022 में की थी। उसी वर्ष इसने सुरक्षा परिषद के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शांति अभियानों की मेजबानी करने वाले देशों से शांति रक्षकों पर हमलों की जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने, उन देशों को दंड से निपटने के लिए मदद प्रदान करने और हमलों का संयुक्त राष्ट्र डेटाबेस बनाने का आह्वान किया गया। इस साल अब तक हमलों में पांच शांति रक्षक मारे गए हैं।

इस वर्ष नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित महिला शांति रक्षकों के पहले सम्मेलन में मौजूद लैक्रोइक्स ने कहा कि महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने के अलावा संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि नेतृत्व के पदों पर उनमें से अधिक संख्या में हों। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि फोर्स कमांडर्स के पदों के लिए अधिक वरिष्ठ महिला जनरल आवेदन करें। लैक्रोइक्स ने कहा कि महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने की इच्छा के अलावा, नेतृत्व की भूमिका में महिलाओं की मौजूदगी महिलाओं के सशक्तीकरण के माध्यम से अधिक प्रभावी शांति स्थापना की गारंटी देती है।

# आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति का भारत को पूर्ण समर्थन मिला

**बिज़नेस रेमेडीज/ बोगोटा/आईएएनएस**



कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति सीजर ऑगस्टस गैविरिया ट्रूजिलो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को पूर्ण समर्थन दिया है। वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार सुबह गैविरिया से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि उन्होंने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को पूर्ण समर्थन दिया है'। संधू ने कहा कि गैविरिया के साथ प्रतिनिधिमंडल की अच्छी बातचीत हुई।

गैविरिया कोलंबिया लिबरल पार्टी के नेता हैं, जो राष्ट्रपति प्रणाली वाले देश कोलंबिया की संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान, गैविरिया ने ड्रग माफियाओं और राजनीतिक उग्रवादियों का डटकर मुकाबला किया। इनमें से कुछ ड्रग माफिया विदेशी सीमाओं तक सक्रिय थे, जबकि उग्रवादियों ने उनकी सरकार के खिलाफ आतंकी हमले किए, जिनका असर आम नागरिकों पर भी पड़ा। भारतीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का मिशन भारत के आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का संदेश देना है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल न्यूयॉर्क और गुयाना की यात्रा करने के बाद गुरुवार को पनामा से कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन लौटने से पहले ब्राजील जाएगा। थरूर ने एक्स पर कहा कि टीम ने कोलंबियाई पत्रकारों और प्रमुख मीडिया घरानों के मीडियाकर्मियों से भी बातचीत की और आतंकवाद से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प और वैश्विक आतंकवाद के प्रति उसकी शून्य-सहिष्णुता की नीति से अवगत कराया। अगले दो दिनों में प्रतिनिधिमंडल कोलंबियाई सांसदों, मंत्रियों, पॉलिसी थिंक टैंक और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के प्रति भारत के शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण को उजागर किया जा सके तथा द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा किया जा सके।

पनामा में अपने मिशन के पिछले चरण पर विचार करते हुए, थरूर ने कहा, ÷हमारी यात्रा राजनयिक दल और प्रभावशाली पनामाई हस्तियों के लिए राजदूत (सुमित) सेठ द्वारा आयोजित एक शानदार रिसेप्शन के साथ समाप्त हुई। थरूर के अलावा, टीम में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की शांभवी चौधरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद और शिव सेना के मिलिंद मुरली देवड़ा के साथ-साथ शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कलिता और भाजपा के तेजस्वी सूर्या और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी तेलुगु देशम पार्टी के जी.एम. हरीश बालयोगी शामिल हैं।



# उम्मीद से अच्छे जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े, चालू वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है अर्थव्यवस्था : अर्थशास्त्री

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**




इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स में मुख्य अर्थशास्त्री, डॉ मनोरंजन शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही की जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े उम्मीद से अच्छे रहे और चालू वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। आईएएनएस से बातचीत करते हुए डॉ मनोरंजन शर्मा ने कहा कि हमारा अपना आकलन था कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही की विकास दर 6.9 प्रतिशत रहेगी, लेकिन वास्तव में यह 7.4 प्रतिशत रही है, जो कि उम्मीद से अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूती से बढ़ रही है और यह आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती दिखाते हैं। साथ ही कहा कि हम दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं।

अर्थशास्त्री ने कहा कि वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, प्रोफेशनल सर्विसेज, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और डिफेंस में अच्छी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन निजी खपत और सरकार के अंतिम उपभोग में दो तिमाही के बाद गिरावट देखने को मिली है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.3 प्रतिशत पर रह सकती है। आरबीआई ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत रखा है।

सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत पर थी। इसकी वजह कृषि, कंस्ट्रक्शन और सर्विसेज सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना है। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक विकास दर 6.5 प्रतिशत रही है।

कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 4.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 2.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 0.8 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की विकास दर 9.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके बाद पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस और अन्य सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत और फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# अदाणी पोर्ट्स ने 15 वर्ष के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स से जुटाए 5,000 करोड़ रुपए

**बिज़नेस रेमेडीज/ अहमदाबाद/आईएएनएस**

अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने 15 वर्ष के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) के जरिए सफलतापूर्वक 5,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इस पूरे इश्यू को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के द्वारा सब्सक्राइब किया गया है। इन डिबेंचर्स की लिस्टिंग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर होगी।अच्छी वित्तीय स्थिति और 'एएए/स्टेबल' घरेलू क्रेडिट रेटिंग वाली कंपनी एपीएसईजेड ने एनसीडी के लिए कूपन रेट 7.75 प्रतिशत तय की है।

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, कि यह केवल फाइनेंशियल एक्ससाइज नहीं है। यह एपीएसईजेड के लिए सावधानीपूर्वक विकसित कैपिटल मैनेजमेंट प्लान का सक्रिय एग्जीक्यूशन है, जो कंजर्वेटिव लीवरेज को बनाए रखने, डेट मैच्योरिटी प्रोफाइल का विस्तार करने, लागत कम करने और फंडिंग स्रोतों में विविधता लाने पर केंद्रित है। यह योजना एपीएसईजेड को दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी बनने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ समर्थन देने के लिए डिजाइन की गई है। अदाणी पोर्ट्स ने वित्त वर्ष 30 तक 1 अरब टन कार्गो हैंडल करने का लक्ष्य रखा है, जो वित्त वर्ष 25 के आंकड़े से 2 गुना है। अपने पोर्ट ऑपरेशन के अलावा कंपनी ने अपने लॉजिस्टिक्स और समुद्री व्यवसायों का विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं भी बनाई हैं। यह लेनदेन एपीएसईजेड की घरेलू बाजारों तक पहुंच को दर्शाता है और यह भारतीय पूंजी बाजारों के इतिहास में अब तक के सबसे लंबी अवधि के इश्यू में से एक है। इस आय का उपयोग एपीएसईजेड द्वारा यूएस डॉलर बॉन्ड की प्रस्तावित पुनर्खरीद के लिए किया जाएगा, जिसके लिए बोर्ड से मंजूरी मिलनी बाकी है।

# दुनिया की आईटी कैपिटल के रूप में 'भारत' की मजबूत स्थिति : एनएसई

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

एनएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि भारत दुनिया की सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राजधानी के रूप में उभरा है। साथ ही, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) अपने उच्च तकनीक वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लाखों लोगों को व्यापार करने में मदद करते हुए विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करने में अग्रणी रहा है। चौहान ने कहा कि एनएसई ने 1994 में आईटी बूम के समय टेक्नोलॉजी का बीड़ा उठाया था। बाद में, वर्ष 2000 के दौरान, एनएसई ने भारत की तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया, बड़े अनुबंधों को आकर्षित किया और छोटी कंपनियों के लिए अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करने का केंद्र बन गया। श्री अधिकारी ब्रदर्स के एमडी कैलाश अधिकारी के साथ पॉडकास्ट बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, कि आज, टेक्नोलॉजी हमारा ईंधन है और भारत दुनिया की आईटी कैपिटल है। टेक्नोलॉजी, दुनिया में एक बड़ा बदलाव लाने में सफल रही। एनएसई ने 1994 में देश का पहला पूर्ण स्वचालित, स्क्रीन-बेस्ड ऑर्डर मैचिंग सिस्टम शुरू किया। इस इनोवेशन ने आईटी सेक्टर में भारत की उभरती ताकत को दिखाया। आज, एनएसई दुनिया का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बन गया है। 1994 में, भारत में 10 लाख से भी कम निवेशक थे। आज, यह संख्या बढ़कर 11 करोड़ से अधिक हो गई है।

चौहान ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी भारत की विकास कहानी की एक प्रमुख चालक रही है। उन्होंने पॉडकास्ट के दौरान कहा कि जब टेक्नोलॉजी की बात आती है तो भारत विश्व में अग्रणी है। टेक्नोलॉजी ने भारत की विकास कहानी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि 2,000-3,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आईटी कंपनियों ने देश के असाधारण प्रतिभा पूल का लाभ उठाते हुए भारत में अपना आधार स्थापित किया है।

# मुथूट फॉरेक्स और थॉमस कुक ने इनोवेटिव को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड लॉन्च किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**




मुथूट ग्रप ने थॉमस कुक के सहयोग से अपने को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड मुथूट फॉरेक्स ट्रैवल कार्ड के लॉन्च की घोषणा की है। इस कार्ड का आधिकारिक शुभारंभ नई दिल्ली स्थित एम. जी. जॉर्ज मुथूट टावर्स में आयोजित एक भव्य समारोह में किया गया। यह पहल ग्राहकों को नवीनतम वित्तीय समाधान प्रदान करने की दिशा में कंपनी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**यात्रा वित्तीय सेवा में एक नया युग :** यह को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इसमें कई ऐसे लाभ और सुविधाएं शामिल हैं जो इसे यात्रियों के लिए एक अनिवार्य साथी बनाते हैं। इस कार्ड में 12 विभिन्न मुद्राओं को लोड करने की सुविधा, कई बार रीलोड करने का विकल्प, और आसान इनकैशमेंट जैसी विशेषताएं शामिल हैं, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा निधि प्रबंधन पहले से कहीं अधिक आसान और सुरक्षित हो जाएगा।

प्रमुख विशेषताएं :

12 विभिन्न मुद्राओं को लोड करने की सुविधा।

कई बार रीलोड करने का विकल्प।

आसान इनकैशमेंट की सुविधा।

कोई छिपे हुए शुल्क नहीं।

सुरक्षित और सहज अंतरराष्ट्रीय शॉपिंग।

मुफ्त ई-सिम, मुफ्त एटीएम निकासी, अंतरराष्ट्रीय छात्र पहचान पत्र।

भारत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर एयरपोर्ट लाउंज एक्सेस।

**एक रणनीतिक साझेदारी :** मुथूट फॉरेक्स और थॉमस कुक के बीच यह साझेदारी नवाचार और ग्राहक सुविधा के प्रति दोनों कंपनियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुथूट फॉरेक्स की पूरे भारत में फैली 43 समर्पित फॉरेक्स शाखाओं की मजबूत नेटवर्किंग और थॉमस कुक की ट्रैवल सेवाओं में विशेषज्ञता के साथ यह को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड यात्रियों के लिए विश्वसनीय व कुशल समाधान बनकर उभरेगा।

मुथूट ग्रुप के संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्ज़ेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि 'हम थॉमस कुक के साथ मिलकर अपने को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड के लॉन्च को लेकर बेहद उत्साहित हैं। ट्रैवल इंडस्ट्री में थॉमस कुक एक विश्वसनीय नाम है और यह साझेदारी हमारे वित्तीय सेवाओं में नवाचार और ग्राहक सुविधा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमें विश्वास है कि यह कार्ड हमारे ग्राहकों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा को और भी सरल और सुविधाजनक बनाएगा।'

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 50वीं वर्षगांठ पर गोल्ड विंग टूर लॉन्च की

बिज़नेस रेमेडीज/गुरुग्राम।



आइकॉनिक टूरिंग उत्कृष्टता के पचास वर्षों का जश्न मनाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने 2025 गोल्ड विंग टूर - 50वीं वर्षगांठ संस्करण - के लॉन्च की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित मॉडल के पचास वर्ष पूरे होने पर, गोल्ड विंग टूर लग्ज़री टूरिंग का नया मानदंड स्थापित करता है। इसकी बुकिंग अब शुरू हो गई है और इसे विशेष रूप से कंपनी के प्रीमियम BigWing Topline डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। 50वीं वर्षगांठ का यह होंडा गोल्ड विंग टूर रु. 39.90 लाख (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम, हरियाणा) की कीमत पर उपलब्ध है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, होंडा मोटरसाइक्ल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि हम भारत में 50वीं वर्षगांठ गोल्ड विंग टूर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। 2025 गोल्ड विंग टूर की लॉन्चिंग 1975 में शुरू हुई एक आइकॉनिक यात्रा की स्मृति को समर्पित है। पिछले पाँच दशकों में, गोल्ड विंग प्लेटफ़ॉर्म ने एक प्रतिष्ठित पहचान बना ली है – जो क्लास, आराम और दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है।

इस घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग निदेशक योगेश माथुर ने कहा कि हम भारत में अपने ग्राहकों के लिए 50वीं वर्षगांठ संस्करण गोल्ड विंग टूर को लॉन्च करते हुए अत्यंत हर्षित हैं। इस विशेष संस्करण के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसा सवारी अनुभव प्रदान करना है जो नवाचार, विलासिता और शक्ति का समुचित संतुलन प्रस्तुत करता है। गोल्ड विंग टूर केवल एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि उन मोटरसाइकिल प्रेमियों की पीढ़ी को समर्पित एक प्रतीक है, जिन्होंने लक्ज़री टूरिंग को एक कला के रूप में अपनाया है। हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस प्रमुख लक्ज़री टूरर की बुकिंग अब आरंभ हो चुकी है, और भारत में ग्राहक डिलीवरी जून 2025 से प्रारंभ की जाएगी।

**50th Anniversary Gold Wing Tour: The Art of Lu&ury Touring :** 2025 गोल्ड विंग टूर एक अत्याधुनिक स्टाइल के साथ आता है, जिसमें एक विशिष्ट आकार दिया गया है जो वायुगतिकीय दक्षता और सड़क पर शाही उपस्थिति के बीच संतुलन बनाए रखता है। इसके अलावा, इस बाइक में एक विशेष गोल्ड विंग प्रतीक चिह्न दिया गया है, जिसमें '50वीं वर्षगांठ' और '1975 से' जैसे विवरण शामिल हैं, जो इस मोटरसाइकिल की ऐतिहासिक उपलब्धि को दर्शाते हैं। इसके आधुनिक डिज़ाइन को और निखारने के लिए इसमें फुल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम और एयरफ्लो-ऑप्टिमाइज़्ड वेंट्स दिए गए हैं, जो बाइक को हवा में आसानी से आगे बढ़ने में मदद करते हैं, साथ ही लंबे सफ़र के लिए ज़रूरी बेहतरीन एर्गोनॉमिक्स भी प्रदान करते हैं।

उपकरणों की बात करें तो नई गोल्ड विंग टूर में फीचर्स से भरपूर कॉकपिट मिलता है, जिसमें 7.0-इंच की फुल-कलर टीएफटी डिस्प्ले दी गई है, जो राइडिंग, नेविगेशन और ऑडियो से जुड़ी जानकारी प्रदान करती है। इसके अलावा, इसमें अपने वर्ग में पहली बार वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले की सुविधा दी गई है। बाइक स्टार्ट करते समय अब एक नया वेलकम स्क्रीन भी दिखाई देता है, जिसमें "Since 1975' लिखा होता है। टूरिंग के दौरान आराम को और बेहतर बनाने के लिए इसमें एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक विंडस्क्रीन दी गई है, जो बेहतरीन विंड प्रोटेक्शन देती है, साथ ही बेहतर क्वालिटी वाले स्पीकर्स हैं जो सभी स्पीड पर समृद्ध ध्वनि अनुभव प्रदान करते हैं। इसके अलावा, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, दो यूएसबी टाइप-सी पोर्ट, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) और कई अन्य आधुनिक सुविधाएं भी इसमें मौजूद हैं।

नई Honda Gold Wing Tour का दिल है एक विशाल 1833ष्, लिक्विड-कूल्ड, 4-स्ट्रोक, 24-वाल्व, फ्लैट सिक्स-सिलेंडर इंजन, जो 93 किलोवॉट की पावर और 170 एनएम का पीक टॉर्क उत्पन्न करता है। यह इंजन 7-स्पीड ड्युअल क्लच ट्रांसमिशन (DCT) के साथ जोड़ा गया है।

# टीवीएस मोटर ने स्टाइल अपग्रेड और स्मार्टएक्सोनेक्ट फीचर्स के साथ लॉन्च किया ज़ुपिटर 125 डुअल टोन वैरिएंट

बिज़नेस रेमेडीज/बेंगलुरु।

दुनिया की प्रमुख टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनियों में से एक, टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने लोकप्रिय स्कूटर लाइन-अप में नया मॉडल जुपिटर 125 डुअल टोन SmartXonnect™ (SXC) लॉन्च किया है। यह नया वैरिएंट कंपनी के वादे 'हर 125cc स्कूटर से ज़्यादा' को और मजबूत बनाता है - ज़्यादा स्टाइल, ज़्यादा फीचर्स और ज़्यादा वैल्यू। इस स्कूटर को खासतौर पर उन राइडर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो अपने रोजमर्रा के आवागमन में स्टाइल और स्मार्ट फीचर्स चाहते हैं। यह स्कूटर दो आकर्षक डुअल-टोन कलर ऑप्शन्स में उपलब्ध है - आइवरी-ब्राउन और आइवरी ग्रे, जो अर्बन इंडिया की प्रीमियम पसंद को दर्शाते हैं। लॉन्च पर टीवीएस मोटर कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अनिरुद्ध हाल्दार ने कहा, ÷आज का ग्राहक सिर्फ स्कूटर नहीं खरीदता, बल्कि अपनी प्रगति का प्रतीक चुनता है। टीवीएस जुपिटर 110 की सफलता के बाद, टीवीएस जुपिटर 125 को नया लुक और एडवांस्ड फीचर्स के साथ लॉन्च करना एक स्वाभाविक कदम था। यह नया वैरिएंट परफॉर्मेंस, कम्फर्ट और कनेक्टिविटी का बेहतरीन संयोजन है और हमारी 'ज़्यादा' फिलॉसफी को आगे बढ़ाता है।'

**मुख्य विशेषताएँ :**

**प्रोग्रेसिव स्टाइलिंग :** डुअल-टोन बॉडी पैनल, नया डिजाइन सीट, सिग्नेचर एलईडी हेडलैंप और डायमंड-कट अलॉय व्हील्स।

बेहतर पिकअप और माइलेज÷ 124.8cc सिंगल-सिलेंडर इंजन के साथ, 11.1Nm टॉर्क@ 4500rpm देता है। iGO Assist टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर पिकअप और फ्यूल एफिशिएंसी।

**अत्यधिक कम्फर्ट :**

सेगमेंट की सबसे लंबी सीट और पिलियन बैकरेस्ट - राइडर और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए आरामदायक।




बेस्ट-इन-क्लास कंवीनियंस :

33 लीटर अंडर-सीट स्टोरेज (सेगमेंट में सबसे बड़ा) - दो हेलमेट फिट होते हैं।

फ्रंट फ्यूल फिल - ईज़ी रीफ्यूलिंग के लिए।

2 लीटर फ्रंट ओपन ग्लव बॉक्स - आसानी से एक्सेसिबल स्टोरेज।

बेहतर बिल्ड क्वालिटी

मेटल मैक्स बॉडी - अधिक मजबूती और सुरक्षा के लिए।

**स्मार्ट डिजिटल कंसोल:**

फुली डिजिटल रिवर्स LCD डिस्प्ले जिसमें मिलते हैं÷

कॉल और SMS अलर्ट

रियल-टाइम व एवरेज माइलेज।

लो फ्यूल वार्निंग, ट्रिप मीटर और अन्य इंफॉर्मेशन।

बड़े टायर्स (आगे और पीछे): बेहतर स्टेबिलिटी और रोड ग्रिप - खराब रास्तों पर भी कॉन्फिडेंट राइडिंग।

टीवीएस जुपिटर 125 डुअल टोन SmartXonnect™ (SXC) सिर्फ एक स्कूटर नहीं है - यह उन राइडर्स के लिए एक स्मार्ट, स्टाइलिश और व्यावहारिक अपग्रेड है जो ज़्यादा करना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं। रोज़मर्रा की उपयोगिता से लेकर बेहतरीन डिज़ाइन और स्मार्ट तकनीक तक, यह आज के शहरी यात्रियों के लिए हर तरह से उपयुक्त है। नए वेरिएंट की शुरूआत जुपिटर लाइनअप को आकर्षक फीचर्स के साथ और भी मजबूत बनाती है जो 125सीसी सेगमेंट के स्कूटर में सबसे बेहतरीन हैं और ज्यादा फिलॉसफी को आगे बढ़ाते हैं। नया टीवीएस जुपिटर 125 डुअल टोन SXC अब टीवीएस डीलरशिप पर 88942/- रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध है।

# टेक्नो ने भारत के लिए तैयार एआई, भविष्य के कर्व डिज़ाइन और बेजोड़ 5जी सिग्नल स्ट्रेंथ के साथ पोवा कर्व 5जी पेश किया

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।

इनोवेटिव उत्पाद और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी पेश करने के लिए मशहूर ब्रांड टेक्नो ने नया पोवा कर्व 5जी लॉन्च किया है। पोवा कर्व 5जी लोकप्रिय पोवा सीरीज़ में का नया स्मार्टफोन है, जो आकर्षक होने के साथ इंटैलिजेंट परफॉरमेंस प्रदान करता है। यह भारत में अगली पीढ़ी के यूज़र्स के लिए बनाया गया है, जो स्मार्टफोन में जबरदस्त क्षमताएं पसंद करते हैं।

पोवा कर्व 5जी तीन मुख्य विशेषताओं - सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइन, सर्वश्रेष्ठ एआई और सर्वश्रेष्ठ सिग्नल के साथ स्मार्टफोन के मानकों को बढ़ा रहा है। यह स्मार्टफोन भविष्य के डिज़ाइन और भारतीय यूज़र्स के लिए निर्मित इंटैलिजेंट फीचर्स के साथ बेहतरीन नेटवर्क परफॉरमेंस के प्रति टेक्नो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। यह डिवाइस मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन के मानकों को बढ़ा रही है। टेक्नो के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने बताया कि, 'टेक्नो में हम लगातार इनोवेशन करते हैं। यह इनोवेशन लोगों से प्रेरित होता है। पोवा कर्व 5जी स्टारशिप डिज़ाइन लैंग्वेज, भारत के लिए निर्मित एआई और श्रेणी में सबसे मजबूत 5जी सिग्नल के साथ एक ऐसी डिवाइस पेश करता है, जो ना केवल भविष्य की दिखाई देती है, बल्कि इंट्यूटिव होने के साथ पर्सनल भी है। यह टेक्नो के इस मूल विश्वास को प्रदर्शित करता है कि टेक्नोलॉजी सशक्त बनाने, अनुकूलन करने के लिए है, जिसे हमेशा ग्राहकों पर केंद्रित होना चाहिए।




### राजस्थान में जियो का दबदबा बरकरार, अप्रैल माह में 1.43 लाख ग्राहक जोड़े: ट्राई रिपोर्ट

बिज1नेस रेमेडीज/जयपुर। रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने राजस्थान में 30 अप्रैल, 2025 तक 2.65 करोड़ ग्राहकों का आधार हासिल किया है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई की नवीनतम रिपोर्ट अनुसार, अप्रैल में जहां जियो ने 1.43 लाख नए ग्राहक जोड़े, वहीं अन्य प्रमुख ऑपरेटरों को नुकसान झेलना पड़ा। भारती एयरटेल ने 36,804, वोडाफोन आइडिया ने 50,461 और बीएसएनएल ने 8,234 ग्राहकों को खो दिया। राजस्थान में कुल वायरलेस उपभोक्ता आधार 30 अप्रैल 2025 तक बढ़कर 6.46 करोड़ हो गया है, जिसमें इस माह कुल 48,142 की वृद्धि दर्ज की गई। जियो 2.65 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद भारती एयरटेल के 2.33 करोड़, वोडाफोन आइडिया के 91.22 लाख और बीएसएनएल के 56.26 लाख ग्राहक हैं। 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्लूए) या एयर फाइबर सेगमेंट में भी जियो का वर्चस्व कायम है। अप्रैल 2025 में जियो ने इस श्रेणी में 42,104 नए ग्राहक जोड़े, जबकि एयरटेल केवल 9,364 ग्राहकों को जोड़ सका। जियो की एयर फाइबर सेवा का कुल ग्राहक आधार 3.42 लाख पहुंच गया है, जबकि एयरटेल के कुल 83,107 ग्राहक है। राजस्थान में कुल 5जी एफडब्लूए ग्राहक संख्या 4.25 लाख रही, जिसमें जियो की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक रही।




एफएई ब्यूटी की संस्थापक करिश्मा केवलरमानी का सफर

# जुनून के दम पर कंसल्टिंग से कॉस्मेटिक्स व्यवसाय अपनाया और पहचान कायम की

बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।

अगर मन में कुछ करने की ललक और जुनून हो तो कंसल्टिंग से कॉस्मेटिक्स व्यवसाय में आकर अपनी पहचान कायम की जा सकती है। ऐसा ही कर दिखाया है एफएई की संस्थापक करिश्मा केवलरमानी ने। उन्होंने सैन फ्रांसिस्को में एक मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में काम किया, फिर भारत में आकर ब्यूटी ब्रैंड्स में से एक एफएई ब्यूटी की संस्थापक बन गईं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले से बिजनेस में बीएससी पूरी करने के बाद एटी कियर्नी में काम किया और वैश्विक ब्रैंड्स के साथ सहयोग किया। पर उनका सुंदरता के लिए जुनून और भारतीय त्वचा टोन के लिए समावेशी उत्पादों की कमी के बारे में बढ़ती जागरूकता ने उनमें कुछ अलग बनाने की इच्छा जगाई।

जब वह वर्ष,2017 में भारत लौटीं, तो करिश्मा ने मेकअप आर्टिस्ट्री में औपचारिक प्रशिक्षण लिया। उन्होंने जल्द ही महसूस किया कि भारतीय बाजार में उपलब्ध अधिकांश उत्पाद मुख्य रूप से गोरी त्वचा के लिए थे और उनकी ब्रांडिंग में प्रामाणिकता की कमी थी। एफएई ब्यूटी को उन्होंने आधिकारिक तौर पर वर्ष,2019 में एक मिशन के साथ लॉन्च किया। ब्रांड का सिद्धांत वास्तविक, अनफिल्टर्ड सुंदरता पर केंद्रित है। यह अपने अभियान की छवि को फिर से छूने या बदलने से इनकार करता है, वास्तविक त्वचा, छिद्रों और बनावट वाले मॉडल प्रदर्शित करता है।

एफएई के उत्पाद शाकाहारी, क्रूरता मुक्त हैं और भारतीय त्वचा के रंग और मौसम की स्थिति के अनुरूप डिजाइन किए गए हैं। इसके कैटलॉग में ब्लिडेबल मैट लिपस्टिक (लिप व्हिप), ब्रो जैल, ब्लश, मस्कारा, क्लीजर, टोनर और सनस्क्रीन जैसे बेस्टसेलर शामिल हैं. जो सभी नैतिक मूल्यों से समझौता किए बिना उच्च प्रदर्शन देने के लिए बनाए गए हैं।

**वर्ष, 2024 के अंत तक राजस्व 22 करोड़ रुपए होने का अनुमान**

वित्त वर्ष, 2020-21 में एफएई ब्यूटी ने 30 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया, लेकिन 80 लाख रुपए का घाटा झेला। अगले वित्त वर्ष में राजस्व बढ़कर 70 लाख रुपए हो गया, जबकि घाटा बढ़कर 1.5 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष, 2022-23 में 3.3 करोड़ रुपए का राजस्व और 2.5 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। हालांकि वित्त वर्ष, 2023-24 में ब्रांड ने एक नया मोड़ लिया, राजस्व दोगुना होकर 7 करोड़ रुपए हो गया और घाटा कम होकर 80 लाख रुपए हो गया। अक्टूबर, 2024 तक इसने पहले ही 10 करोड़ रुपए का राजस्व पार कर लिया था और 1.25 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था, साथ ही वर्ष के अंत में राजस्व 22 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। यह बदलाव लिप व्हिप जैसे प्रमुख उत्पादों पर ध्यान, अनुकूलित विपणन व्यय और परिचालन सुधारों के कारण संभव हुआ। एफएई ब्यूटी के उदय में एक महत्वपूर्ण क्षण शार्क टैंक इंडिया के सीजन-4 में इसकी उपस्थिति के साथ आया। करिश्मा ने शार्क के सामने अपना ब्रांड पेश किया, 1 फीसदी इक्विटी के बदले 1 करोड़ रुपए मांगे, जिससे एफएई का मूल्यांकन 100 करोड़ रुपए हो गया। वहीं अमन गुप्ता, पीयूष बंसल और अनुपम मित्तल की ओर से भी प्रस्ताव आए। बातचीत के बाद करिश्मा ने अमन और नमिता थापर से 1.5 फीसदी इक्विटी के बदले 1 करोड़ रुपए का सौदा स्वीकार कर लिया. जिससे कंपनी का मूल्यांकन 66.67 करोड़ रुपए हो गया।




Karishma Kevalramani
Founder, FAE BEAUTY

**आधुनिक भारत के लिए सुंदरता का अर्थ फिर से परिभाषित करता है एफएई ब्यूटी ब्रांड**

निवेशक समर्थन ने ब्रांड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अरिहंत पाटनी के पास 26 फीसदी हिस्सेदारी है, टाइटन कैपिटल के पास 13.5फीसदी, शिपरॉकेट के पास 1.6 फीसदी और ईएसओपी पूल के पास 10.3 फीसदी हिस्सेदारी है। करिश्मा के पास 38 फीसदी स्वामित्व है, जबकि बाकी हिस्सा परिवार और छोटे निवेशकों के बीच विभाजित है। एफएई ने एक वफादार समुदाय बनाने के लिए प्रभावशाली भागीदारी, उपयोगकर्ता जनित सामग्री और क्षेत्रीय विपणन रणनीतियों का भी लाभ उठाया है। यह अब नाइका, क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म और अपनी खुद की वेबसाइट के माध्यम से बिक्री करता है।

उच्च रिटर्न टू ओरिजिन (आरटीओ) दरों और लंबे चेकआउट समय जैसी परिचालन बाधाओं से निपटने के लिए एफएई ने मैजिक चेकआउट को एकीकृत किया। एक ऐसा समाधान जिसने आरटीओ को 33 फीसदी तक कम कर दिया और रूपांतरणों को काफी हद तक बढ़ा दिया। भविष्य को देखते हुए एफएई ऑफलाइन रिटेल में विस्तार करके अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रवेश करके और क्षेत्रीय भाषा आउटरीच के माध्यम से टियर 2 और 3 भारतीय शहरों के अनुरूप उत्पाद बनाकर अपनी सर्वव्यापी उपस्थिति को मजबूत करने की योजना बना रहा है। समावेशिता, पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता वाले नवाचार पर अपने फोकस के साथ एफएई ब्यूटी सिर्फ एक ब्रांड नहीं है बल्कि यह एक आंदोलन है जो आधुनिक भारत के लिए सुंदरता का अर्थ फिर से परिभाषित करता है। करिश्मा के नेतृत्व में कंपनी यह साबित करना जारी रखती है कि उद्देश्य संचालित उद्यमशीलता सांस्कृतिक और व्यावसायिक दोनों तरह के प्रभाव पैदा कर सकती है।

# नवीन स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (NSPA) का ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न





बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर

स्प्रिंगफील्ड स्कूल, मानसरोवर, जयपुर में नवीन स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (NSPA) द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस गहन शिविर में छात्रों को नृत्य, संगीत, अभिनय और ललित कला के क्षेत्र में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। NSPA के निदेशक नवीन शर्मा और श्रेया जैन ने इस शिविर की योजना बनाई और इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया। उनका दृष्टिकोण छात्रों को कला के विभिन्न रूपों में उच्चतम स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करना था।

शिविर के समापन पर आयोजित प्रस्तुति में छात्रों के पेशेवर प्रदर्शन को देखकर अभिभावक चकित रह गए। वे यह देखकर अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न थे कि उनके बच्चों ने केवल 15 दिनों में इतना कुछ सीख लिया था और मंच पर एक पेशेवर की तरह प्रदर्शन कर रहे थे। इस सफल आयोजन ने छात्रों और अभिभावकों दोनों के बीच उत्साह का संचार किया।

# एलआईसी को बीएसआई से आईएसओ 22301:2019 व्यवसायिक निरंतरता प्रबंधन प्रणाली प्रमाण-पत्र प्राप्त

### आईएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मानक है, जो व्यवसायिक निरंतरता प्रबंधन पर केंद्रित होता है।

बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई

भारत की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को ब्रिटिश स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूशन (बीएसआई) की ओर से आईएसओ 22301:2019 व्यवसायिक निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस) प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि निगम की संचालनिक दृढ़ता, व्यवसायिक निरंतरता योजना और जोखिम प्रबंधन की क्षमताएं अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरी उतरती हैं।

आईएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मानक है, जो व्यवसायिक निरंतरता प्रबंधन पर केंद्रित होता है। इसका उद्देश्य परिचालन में रुकावटों को न्यूनतम करना और संकट की स्थिति में तेजी से पुर्नप्राप्ति सुनिश्चित करना है। इस प्रमाणन की प्राप्ति से एलआईसी की छवि एक मजबूत और सशक्त संगठन के रूप में और अधिक सुदृढ़ होती है, जो किसी भी अनपेक्षित चुनौती के बावजूद सेवाओं की लगातार और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में सक्षम है।

एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि एक संस्था के रूप में हम अपने ग्राहकों और हितधारकों की ओर से हमारे प्रति जताए गए विश्वास और भरोसे को अत्यंत मूल्य देते हैं। प्रतिष्ठित आईएसओ 22301:2019 प्रमाणन प्राप्त होना हमारे उस संकल्प का प्रमाण है कि हम किसी भी विघटनकारी परिस्थिति में भी व्यवसायिक निरंतरता सुनिश्चित करने और अपने हितधारकों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एलआईसी के प्रबंध निदेशक तबलेश पाण्डेय ने कहा कि सुरक्षा और संचालनिक दृढ़ता हमेशा से एलआईसी की कार्यनीति का अभिन्न हिस्सा रही है।आईएसओ 22301 प्रमाणन प्राप्त करना हमारे इस निरंतर प्रयास को मान्यता देता है कि हम लाखों पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए सुरक्षित, निर्बाध सेवाएं प्रदान करते रहें और किसी भी संभावित विघटन का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए तैयार रहें। इस सफलता की यात्रा में एलआईसी की एंटरप्राइज रिस्क मैनेजमेंट टीम, साइबर सुरक्षा विभाग और वरिष्ठ नेतृत्व की ओर से किया गया निरंतर सहयोग, मार्गदर्शन और कार्यकारी निगरानी संगठनव्यापी भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण रहा। आगे भी एलआईसी, बीएसआई की निगरानी प्रक्रिया के अंतर्गत नियमित अभ्यास और समय-समय पर समीक्षाएं करता रहेगा, ताकि अपनी व्यवसायिक निरंतरता प्रबंधन प्रणालियों में निरंतर सुधार करता रहे और भविष्य की किसी भी चुनौती का सामना कर सके।

प्रगतिशील उद्यमी

# विस्तृत होती बाजार स्वीकार्यता को दर्शा रही है तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड की बढ़ती हुई बिक्री

- सालाना राजस्व 75.17 फीसदी बढ़कर हुआ 184.86 करोड़ रुपए
- 8 वित्त वर्ष 2025 में 11.85 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया
- 2.32 रुपए का ईपीएस अर्जित किया
- 0.10 रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश घोषित किया
- ब्रांड स्थापित करने पर जोर दे रही है कंपनी
- क्वालिटी और किफायती कीमत पर फोकस
- ऑटो क्लस्टर एक्सपो 2025 में कंपनी को मिली अच्छी प्रतिक्रिया

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड इलेक्ट्रिक टू व्हीलर क्षेत्र में तेजी से नए आयाम स्थापित कर रही है। हाल ही में कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 75.17 फीसदी वृद्धि के साथ 184.86 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड की बढ़ती हुई बिक्री इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के लिए कंपनी की विस्तृत होती बाजार स्वीकार्यता को दर्शा रही है। इस लेख में कंपनी की कारोबारी गतिविधियों के साथ वित्तीय परिणामों पर प्रकाश डाला गया है।

## कंपनी की कारोबारी गतिविधियां

दिसंबर 2018 में स्थापित, तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण कंपनी है जो उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के डिजाइन, विकास, निर्माण और वितरण में माहिर है। कंपनी ने विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय बाजार में 23 से अधिक विभिन्न मॉडल पेश किए हैं। कंपनी की उपस्थिति 256 से अधिक डीलरों के नेटवर्क के माध्यम से 19 राज्यों में है। कंपनी के पास भारत में लगभग 256 डीलरों का नेटवर्क है। जब एक डीलर नियुक्त किया जाता है, तो कंपनी को उनसे ग्राहकों को नियमित रखरखाव, बैटरी प्रबंधन, निदान, सुरक्षा जांच और घटक प्रतिस्थापन जैसी बिक्री के बाद की सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता होती है। कंपनी की विनिर्माण इकाई पलसाना, सीकर में 8000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड पलसाना, सीकर स्थित अपने प्लांट में इलेक्ट्रिक बाइक बनाती है और निर्माण इकाई की क्षमता 41000 यूनिट तक उत्पादन करने की है। कंपनी परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने, उत्पादकता में सुधार और गुणवत्ता और सुरक्षा के अनुपालन मानकों को बनाए रखने के लिए अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षित करती है।

## वित्तीय प्रदर्शन

एकल बैलेंस शीट के अनुसार 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 60.02 करोड़ रुपए के मुकाबले 82.28 फीसदी अधिक 109.41 करोड़ रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया है। उक्त अवधि में कंपनी ने 6.47 करोड़ रुपए कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 105.53 करोड़ रुपए के मुकाबले 75.17 फीसदी अधिक 184.86 करोड़ रुपए का कुल राजस्व अर्जित किया है। उक्त वित्तीय वर्ष में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 11.81 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.85 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 2.32 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है। सोमवार को हुई बोर्ड मीटिंग में निदेशक मंडल ने 0.10 रुपए प्रति शेयर का अंतिम लाभांश घोषित किया है।

## कारोबारी विस्तार

तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड ने एक गैर-कृषि (एनए) भूखंड सफलतापूर्वक खरीदा है। यह भूमि गाट संख्या 15, हिस्सा संख्या 4ए, गांव भोरवाड़ी, तालुका - जुन्नार, पुणे, महाराष्ट्र में स्थित है। भूमि का कुल क्षेत्रफल 01 हेक्टेयर 08 एकड़ है, जो 10,800 वर्ग मीटर के बराबर है। भूमि का कुल खरीद मूल्य 3,30,20,000/- रुपए है। इस भूमि का उपयोग कंपनी के आगामी कारखाने के निर्माण के लिए किया जाएगा, जिससे कंपनी के विस्तार और विकास रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। 17 जनवरी 2025 को कंपनी ने 5 नए ई-व्हीकल उत्पाद लॉन्च किए हैं। कंपनी ने तुनवाल लिथिनो प्रो, तुनवाल अल्फा प्रो, तुनवाल रोमा-एस, तुनवाल अल्फा प्रो प्लस और तुनवाल अल्फा प्रो प्लस एलआई नए टू व्हीलर ई-व्हीकल उत्पाद लॉन्च किए हैं।

## ऑटो क्लस्टर एक्सपो 2025 में कंपनी को मिली अच्छी प्रतिक्रिया

तुनवाल ई-मोटर्स ने 23 से 25 मई 2025 तक ऑटो क्लस्टर प्रदर्शनी केंद्र, एच-ब्लॉक, चिंचवाड़ ईस्ट, पिंपरी-चिंचवाड़ में आयोजित ऑटो क्लस्टर एक्सपो 2025 में अपने अत्याधुनिक मोबिलिटी समाधानों का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में एक मजबूत और गतिशील उपस्थिति के साथ, तुनवाल ने डीलर जुड़ाव और ग्राहक प्रतिक्रिया दोनों के मामले में शानदार सफलता दर्ज की। तीन दिवसीय प्रदर्शनी ने तुनवाल के लिए उद्योग के हितधारकों, मौजूदा डीलरों और संभावित ग्राहकों से जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम किया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण तुनवाल के डीलर नेटवर्क से मिली असाधारण प्रतिक्रिया थी। ब्रांड को मौजूदा डीलरों से 200 से अधिक पुष्ट ऑर्डर मिले, जिससे तुनवाल के विस्तारित उत्पाद पोर्टफोलियो और विश्वसनीय बिक्री के बाद सहायता में उनका विश्वास और भी पुष्ट हुआ। डीलर प्रशंसा पहल के हिस्से के रूप में, तुनवाल ने चुनिंदा ऑर्डर वॉल्यूम पर विशेष पुरस्कार कार्यक्रम भी पेश किए, जिससे भागीदारों में संतुष्टि और अपनापन और भी बढ़ गया। कंपनी प्रबंधन के अनुसार 'ऑटो क्लस्टर एक्सपो 2025 महाराष्ट्र के सबसे गतिशील औद्योगिक केंद्रों में से एक में हमारे डीलर इकोसिस्टम और अंतिम ग्राहकों के साथ जुड़ने का एक उल्लेखनीय अवसर रहा है। हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, वह हमारी पेशकशों की ताकत और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। हम अपने भागीदारों और उपयोगकर्ताओं को समान रूप से मूल्य-संचालित, टिकाऊ परिवहन समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

यह लेख निवेश सलाह नहीं है

## आईपीओ के मायने

आईपीओ आने से कंपनी को राष्ट्रीय पहचान मिली है। इसके साथ ही कंपनी में रिटेल निवेशकों की संख्या भी बढ़ी है। वर्तमान में कंपनी का शेयर 32.15 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा है। जो निवेश के नजरिए से देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल के भविष्य को लंबे समय में संभावनायुक्त देखते हैं। वे कंपनी में निवेश संभावनाएं तलाश सकते हैं। आईपीओ से कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है और कंपनी में रिटेल निवेशकों का दायरा भी बढ़ा है।




प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मान्सरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166· पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com

d with Rule 9(1) of the Rules made thereunder, in respect of
e mortgaged/ secured assets. Please note, Intec Capital
he mortgaged assets at any time after expiry of 30 days from

Authorised Officer

thereunder. (2). The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2025 are available on the website of Bombay Stock Exchange (www.bseindia.com) and website of the Company (www.vinayakpolycon.com).

Place: Jaipur
Date: 30th May, 2025

For and on behalf of the Board
Sd/-
**Vikram Baid** (Whole-Time Director)

IITED
5PLC045573
dia, 302015
yniryat.com

2025

s Limited
t Limited)
Sd/-
tan Singh
Director)
06818520

EBI

TS FOR

irements),
mittee, the
eir meeting
nsolidated
025.
t thereon
r the link
an also be
and side:

the Board
ch Limited
Sd/-
enu Gupta
e Director

## SUNRAKSHAKK INDUSTRIES INDIA LIMITED
### (FOREMERLY KNOWN AS A.K. SPINTEX LIMITED)

Regd. Office:-14 K.M. STONE, CHITTOR ROAD, BILIYA-KALAN, BHILWARA-311001 (RAJ.)
Ph: 9887049006, 9929139002 Email:-akspintex@gmail.com • Website:-www.akspintex.com • CIN: L17117RJ1994PLC008916

**Audited Standalone & Consolidated Financial Result for the Quarter and Year ended March 31, 2025** (Rs. In lacs, Except EPS)

| Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | | Year Ended | |
| | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited |
| Total income from operations (net) | 2662.60 | 2654.84 | 305.78 | 10404.57 | 11723.55 | 18015.86 | 11723.55 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 106.17 | 219.63 | 209.90 | 563.49 | 844.73 | 1101.03 | 844.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after extraordinary items) | 106.17 | 219.63 | 209.90 | 563.49 | 844.73 | 1101.03 | 844.73 |
| Total Other Comprehensive Income/(Loss) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Equity Share Capital | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 | 503.18 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | 3957.61 | 3394.11 | 4672.42 | 3394.11 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 2.11 | 4.36 | 4.17 | 11.20 | 16.79 | 21.88 | 16.79 |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs.10/- each) Basic & Diluted (In Rs.) | 2.11 | 4.36 | 4.17 | 11.20 | 16.79 | 21.88 | 16.79 |

**Notes:** The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March 2025 filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats on Financial Results are available on the Stock Exchange websites of BSE at **www.bseindia.com** and company's website at **www.akspintex.com.**

For and on behalf of Board of Directors
For **SUNRAKSHAKK INDUSTRIES INDIA LIMITED**
Sd/-
**(Prakash Chand Chhabra)**
Managing Director (DIN: 00155631)

**Date : 30.05.2025**
**Place: Bhilwara**

## SHRI KALYAN HOLDINGS LIMITED

CIN: L67120RJ1993PLC061489
Regd office: B-19, Lal Bahadur Nagar, Malviya Nagar, Jaipur-302017 (Rajasthan)
Tel. No : +91 9799128555 • Website: www.shrikalyan.co.in • E-Mail: shrikalyan25@hotmail.com

**Extract of Audited Financial Results For Quarter and Year ended March 31, 2025** **(Rs. in Lakhs)**

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) | (Audited) |
| 1 | Total income from operations (net) | 24.17 | 70.75 | 49.80 | 152.18 | 133.93 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 2.43 | 58.15 | 5.95 | 105.28 | 36.98 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 2.43 | 58.15 | 5.95 | 105.28 | 36.98 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (11.26) | 48.03 | (4.82) | 81.47 | 26.21 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (11.26) | 48.03 | (4.82) | 81.47 | 26.21 |
| 6 | Equity Share Capital | 997.45 | 997.45 | 997.45 | 997.45 | 997.45 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | | - | | | |
| 8 | Earnings Per Share (Face Value Rs. 10/- each) in rupees | | | | | |
| | Basic : | (0.11) | 0.48 | (0.05) | 0.82 | 0.26 |
| | Diluted: | (0.11) | 0.48 | (0.05) | 0.82 | 0.26 |

**Note:** (a) The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results for the quarter and Year ended on 31st March, 2025, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Resul ts are available on the websites of the Stock Exchange (www.bseindia.com) and the Company (www.shrikalyan.co.in). (b) The above Standalone financial results have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards ("Ind AS"), the provisions of the Companies Act, 2013 ("the Companies Act"). as applicable and guidelines issued by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"). The Ind AS are prescribed under Section 133 of the Companies Act read with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules. 2015 and amendments issued thereafter. (c) Figures for the previous period have been regrouped/reclassified wherever necessary, to conform to current period's classification.

**For Shri Kalyan Holdings Limited**
**Sd/-**
**Rajendra Kumar Jain**
**Chairman and Whole-Time Director (DIN:00168151)**

**Place : Jaipur**
**Date : 30.05.2025**